RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं

वर्ष : 26 | अंक : 266 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 17 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# दिल्ली में अब 'आतिशी' पारी

## आतिशी बनेगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। दरअसल आप पार्टी के विधायक दल की बैठक में आतिशी मार्लेना के नाम पर मुहर लगी है। बैठक में अरविंद केजरीवाल ने आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा। सभी विधायकों ने खड़े होकर प्रस्ताव को स्वीकार किया। अब आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। इससे पहले श्रीमती सुषमा स्वराज और श्रीमती शीला दीक्षित इस पद पर रह चुकीं हैं।

दिल्ली की अगली मुख्यमंत्री आतिशी होंगी। वे दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं। वे अरविंद केजरीवाल कैबिनेट में सबसे हैवीवेट मंत्री रही हैं। उनका नाम सबसे आगे चल रहा था। विधायक दल की बैठक में (शेष पृष्ठ-4 पर)

### निभाई बड़ी भूमिका

"आतिशी 2013 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषण पत्र मसौदा समिति की प्रमुख सदस्य थीं। उन्होंने 'पार्टी के गठन के शुरुआती दौर में इसकी नीतियों को आकार देने' में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा आतिशी ने पार्टी प्रवक्ता के तौर पर दमखम से पक्ष रखा। केजरीवाल की तरह वो मनीष सिसोदिया की भी करीबी हैं। उन्होंने सिसोदिया की सलाहकार के रूप में भी काम किया और उनकी गैरमौजूदगी में शिक्षा मंत्रालय का भी काम संभाला।

# मोदी सरकार के 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड

## "देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा मजबूत हुई : शाह



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केन्द्र में नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिन पूरा होने के मौके पर आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है क्योंकि आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश विकसित भारत के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

इस दौरान मोदी सरकार के 100 दिन के कामकाज का बुकलेट जारी किया गया. केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह सरकार गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित है. बीते दस साल में देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा मजबूत हुई है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने प्रेसवार्ता में कहा कि आज भारत पूरी दुनिया में उत्पादन का चहेता केंद्र बन गया है। हमारी डिजिटल इंडिया योजना को आज दुनिया के कई देश समझ रहे हैं और इसे स्वीकार कर रहे हैं। हमने इकॉनोमी के 13 पैरामीर्टस पर खरे उतरे हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्जवल है।

गृहमंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार के शुरुआती 100 दिनों के कामकाज का हवाला देते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार दुनिया ने रीढ़ की हड्डी वाली विदेश नीति देखी है। पहले की सरकार में रीढ़ की हड्डी दिखाई नहीं पड़ती थी। लेकिन आज देश की विदेश नीति में रीढ़ की हड्डी दिखाई पड़ती है।

उन्होंने कहा कि देश के 60 करोड़ लोगों को शौचालय, पीने का पानी, बिजली, पांच किलो अनाज और पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधाएं देने का काम मोदी सरकार ने किया है। अब हमारा लक्ष्य है कि कोई शख्स बिना घर के नहीं होगा।

शाह ने कहा कि आज के समय में युवाओं के पास अथाह मौके हैं। युवा आत्मनिर्भर हैं। देश की 140 करोड़ की जनता को इतने महान लक्ष्य के साथ जोड़ना मोदी सरकार की विश्वसनीयता का प्रमाण है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिनों में हमने 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को शुरू किया है। मैंने इन 100 दिनों को 14 स्तंभों में बांटा है।

### सरकार की उपलब्धियों की बुकलेट

- 100 दिनों में लगभग 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत, 100 दिनों सरकार ने 14 स्तंभो में बांटा।
- इंफ्रास्ट्रक्चर में 100 दिन में 3 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं घोषित, इस पर काम भी शुरू।
- महाराष्ट्र के वधवान में 76 हजार करोड़ की लागत से मेगा पोर्ट बनाने का एलान, पहले दिन से ही विश्व के 10 प्रमुख बंदरगाहों में शामिल होगा।
- 49 हजार करोड़ की लागत से 25 हजार गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने की योजना की शुरुआत, 100 की आबादी वाले गांवों को जोड़ेगी।
- 50,600 करोड़ की लागत से भारत की बड़ी सड़कों को बढ़ाने का निर्णय।
- वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, पश्चिम बंगाल में बागडोगरा, बिहार में बिहटा एयरपोर्ट का उन्नयन और अगत्ती एवं मिनिकॉय में नई हवाई पट्टी बनाकर पर्यटन को बढ़ावा देने की कवायद।
- बेंगलुरु मेट्रो, पुणे मेट्रो, ठाणे इंटीग्रेटेड रिंग मेट्रो और अन्य कई मेट्रो के प्रोजेक्ट पर काम भी आगे बढ़ा।
- कृषि के क्षेत्र में पीएम किसान सम्मान योजना की 17वीं किस्त में 9.5 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये वितरित किए गए। अभी तक कुल 12 करोड़ 33 लाख किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए।
- बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटाया, प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत से 20 प्रतिशत किया, एग्री श्योर नाम का एक नया फंड भी लॉन्च किया गया।
- मध्यम वर्ग को कई सारी राहतें दी गईं, अब 7 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।
- वन रैंक, वन पेंशन (OROP) का तीसरा संस्करण लागू कर दिया गया।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर स्वीकृत, एक करोड़ घर शहरी इलाकों में और दो करोड़ घर ग्रामीण इलाकों में बनेंगे।
- युवाओं के लिए 2 लाख करोड़ रुपये के पीएम पैकेज की घोषणा, पांच साल में चार करोड़ 10 लाख युवाओं को लाभ पहुंचेगा।
- एक करोड़ युवाओं को टॉप कंपनी में इंटर्नशिप के अवसर, अलाउंस और एकमुश्त सहायता राशि देने का निर्णय।
- केंद्र सरकार की ओर से भी कई हजार नियुक्तियों की घोषणा की गई।



# ठप पड़ी रिलायंस जियो की सर्विसेज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जियो की सेवाएं एक बार फिर से पूरे देश में ठप पड़ गई हैं। आज यानी 17 सितंबर को कई घंटों से नेटवर्क की समस्या है। कई यूजर्स ने ब्रॉडबैंड सर्विस को लेकर भी शिकायत की है। आउटेज को ट्रैक करने वाले डाउनडिटेक्टर ने भी जियो के आउटेज की पुष्टि की है।

17 सितंबर मंगलवार को दोपहर 12.00 बजे के बाद रिलायंस जियो की सर्विस ठप हो गई है। ज्यादातर यूजर्स के मोबाइल में सिग्नल नहीं आ रहे हैं। 20 प्रतिशत लोगों ने इंटरनेट कनेक्टिविटी में बाधा होने की रिपोर्ट डाउनडिटेक्टर पर की है। 14 प्रतिशत लोगों को जियो फाइबर चलाने में दिक्कतें आ रही हैं। रिलायंस जियो की वेबसाइट भी सही तरह से काम नहीं कर रही और न ही यूजर्स जियो ऐप को एक्सेस कर पा रहे हैं। डाउनडिटेक्टर पर 12 बजे के करीब 10 हजार से अधिक शिकायतें हैं। आउटेज की परेशानी दिल्ली, लखनऊ और मुंबई जैसे शहरों से अधिक रिपोर्ट की गई हैं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74 वां जन्मदिन

# सफाई व रक्तदान कर भाजपा ने किया सेवा पखवाड़े का शुभारंभ



**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह सफाई अभियान चलाया तथा रक्तदान करके सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया।

नोएडा के सेक्टर-110 के श्रमिक कुंज में उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झाड़ू लगाकर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं व नेताओं ने सफाई रखने की शपथ ली। इस अवसर



पर गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारियों के अलावा भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, महेश अवाना, भाजपा के उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष रामनिवास यादव, (शेष पृष्ठ-4 पर)

## बेरोक-टोक जारी है अवैध खनन

### छापे में ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, दो फरार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला प्रशासन के लाख दावों के बाद भी अवैध खनन पर कोई रोक नहीं लग पा रही है। बीती रात अवैध खनन की शिकायत पर पुलिस ने छापा मारकर ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त कर ली। जबकि अवैध खनन करते दो लोग फरार हो गए। थाना ईकोटेक-1 के प्रभारी अनुज राणा ने बताया कि बीती रात को उपनिरीक्षक पदम सिंह को सूचना मिली कि ग्राम मोतीपुर मढ़ैया के जंगल में रेत का अवैध खनन हो रहा है। ट्राली में रेत भरकर ले जाने की तैयारी है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां पर (शेष पृष्ठ-4 पर)

# महर्षि आश्रम की जमीन पर प्लाटिंग व अवैध निर्माण पर मुकदमा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** महर्षि आश्रम पर अवैध प्लाटिंग व निर्माण की शिकायत पर आश्रम के दो प्रतिनिधियों पर नोएडा प्राधिकरण ने मुकदमा दर्ज कराया है। प्राधिकरण के अवर अभियंता ने थाना सेक्टर-39 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नोएडा प्राथमिक के अधिसूचित क्षेत्र में महर्षि महेश योगी आश्रम ट्रस्ट के प्रतिनिधि विनीत कुमार श्रीवास्तव तथा प्रदीप कुमार गुप्ता पुत्र कैलाश चंद्र गुप्ता खसरा नंबर 221 और 230 पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर रहे हैं।

नोएडा प्राधिकरण के प्रचलित नियमों/ प्रावधानों एवं अन्य सुसंगत दिशा निर्देशों के अनुसार नोएडा प्राधिकरण की अनुसूचित क्षेत्र में




प्राधिकरण की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का अवैध कॉलोनी, प्लाट काटना, अनाधिकृत निर्माण अनुमन्य नहीं है। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अवर अभियंता लोकेश शर्मा की शिकायत पर विनित कुमार श्रीवास्तव पुत्र गिरीश चंद श्रीवास्तव तथा प्रदीप कुमार गुप्ता पुत्र कैलाश चंद्र गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 6 भू-माफिया गैंगस्टर में निरुद्ध

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख पुलिस ने लोगों को जमीन बेचने के नाम पर उनसे करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले 6 लोगों को गैंगस्टर एक्ट के तहत निरुद्ध किया है। पुलिस के मुताबिक थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर अमित शर्मा पुत्र तेजराम शर्मा (गैंग लीडर) निवासी ग्राम हैबतपुर (40 वर्ष), नितिन शर्मा पुत्र तेजराम शर्मा निवासी ग्राम हैबतपुर (44 वर्ष), विपिन शर्मा पुत्र गजेंद्र शर्मा निवासी हैबतपुर (36 वर्ष), देवेंद्र शर्मा पुत्र नानक चंद शर्मा निवासी ग्राम हैबतपुर (40 वर्ष), मुकेश शर्मा पुत्र देवदत्त शर्मा निवासी ग्राम हैबतपुर (53 वर्ष), योगेंद्र उर्फ राजन चौधरी पुत्र जयपाल सिंह निवासी गुलाब वाटिका लोनी बॉर्डर जनपद गाजियाबाद को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। उन्होंने बताया कि ये लोग सीधे-साधे लोगों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें प्लाट/जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर फर्जी और कुटरचित दस्तावेज तैयार करके लाखों-करोड़ों की ठगी करते हैं। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इनके खिलाफ पूर्व में दर्जन भर से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

## दागी बिल्डर के चिरागों से रोशन हो रहा ग्रेटर नोएडा का खैरपुर गोल चक्कर!




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कहावत है कि जब बाड़ ही खेत को खाने लगे तो खेतों की सुरक्षा कौन करेगा। यह कहावत इन दिनों ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर सटीक साबित हो रही है। इन दिनों ग्रेटर नोएडा के खैरपुर गोल चक्कर एस्कॉन इंफ्रा रियलटर्स बिल्डर के साइन बोर्डों से जगमग कर रहा है। यह वह बिल्डर है जिस पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध बिल्डिंग बनाकर फ्लैट बेचने का आरोप है। यही नहीं ग्रेटर नोएडा (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ज़ेवर एयरपोर्ट पर बड़ा EV चार्जिंग नेटवर्क स्थापित करेगा स्टैटिक कंपनी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ज़ेवर में बन रहे ज़ेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। ज़ेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देश की जानी मानी कंपनी स्टैटिक एक बड़ा (EV) चार्जिंग नेटवर्क स्थापित करेगी इसको लेकर स्टैटिक कंपनी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी के बीच MOU बॉण्ड किया गया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (EV) ने आज भारत के अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन (EV) चार्जिंग नेटवर्क कंपनी स्टैटिक के साथ व्यापक एयरसाइड (EV) चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। स्टैटिक




24x7 घंटे संचालन के लिए एयरसाइड इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना, संचालन और रखरखाव करेगा। सभी रियायतकर्ता और एयरपोर्ट वाहनों को इस मजबूत (EV) चार्जिंग नेटवर्क तक पहुंच प्राप्त होगी। जिसे एयरपोर्ट की स्थिरता पहलों का समर्थन करने और इसके संचालन में उत्सर्जन को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

(EV) चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने पर के लिए स्टैटिक कंपनी के साथ करार किया गया है। जो एयरपोर्ट के भीतर इलेक्ट्रिक ग्राउंड सपोर्ट इक्विपमेंट और अन्य इलेक्ट्रिक वाहन तैनात करने की अनुमति देगा। इस साझेदारी के पहले चरण में, स्टैटिक छोटे इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 7.4 kw AC चार्जर और उच्च-शक्ति वाले, तेज़ चार्जिंग आवश्यकताओं के लिए 120kw और 240 kw चार्जर का नेटवर्क स्थापित करेगा। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मुख्य विकास अधिकारी निकोलस शेंक ने कहा की हम स्टैटिक के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हैं, स्टेटिक भारत के सबसे बड़े (शेष पृष्ठ-4 पर)

## हरौला में सफाईकर्मी के साथ अभद्रता

### सफाई कर्मचारियों ने थाने में दी तहरीर, हड़ताल की दी चेतावनी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** फेस-1 थाना क्षेत्र के गांव हरौला में सफाईकर्मियों ने गांव के ही रसूखदार लोगों पर गाली-गलौज व जातिसूचक टिप्पणी करने तथा मारने की धमकी का आरोप लगाया। थाना प्रभारी की दी तहरीर में सफाईकर्मी सोनू पुत्र मनोज निवासी सेक्टर-5 झुग्गी ने उक्त आरोप लगाये। उसने बताया कि आज सुबह जब वह पार्किंग वाली गली में सफाई कर रहा था तो प्रभात अवाना पुत्र रनवीर अवाना ने अपनी बिल्डिंग का कचड़ा सड़क पर फेंक दिया। विरोध करने पर प्रभात ने उसके (शेष पृष्ठ-4 पर)

## गठबंधन की गांठ

निस्संदेह, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग की तीसरी पारी में बदलावकारी फैसले लेना उतना सहज नहीं रह गया है, जितना पहली-दूसरी पारी में नजर आता था। तीसरे कार्यकाल के सौ दिनों के बीच सरकार के कई फैसलों पर गठबंधन धर्म की गांठें नजर आई हैं। एक दशक की स्वच्छंद कार्यशैली के बाद अब भाजपा सहयोगी दलों पर निर्भर नजर आ रही है। कहीं न कहीं बदले हालात में पार्टी कई मुद्दों पर यू टर्न लेते हुए भी नजर आई। बहरहाल, लोकसभा में पहले के मुकाबले कमजोर स्थिति होने के बावजूद खुद को बेफिक्र दिखाने की बेताब कोशिश में पार्टी ने एक बार फिर अपने एक मुख्य एजेंडे- एक राष्ट्र,एक चुनाव- के मुद्दे को हवा दे दी है। पिछले दिनों स्वतंत्रता दिवस समारोह में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राजनीतिक दलों से इस पहल का समर्थन करने के लिये एकजुट होने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि देश में वर्ष पर्यंत चलने वाले चुनाव भारत की प्रगति में बाधक बन रहे हैं। कहा गया कि राजग सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल के भीतर इस महत्वपूर्ण चुनाव सुधार को लागू कराने को लेकर आशावादी है। अब इसे राजग का आशावाद कहें या अति आत्मविश्वास, जो उन्हें इस तथ्य को नजरअंदाज करने देता है कि कई राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव कराने का विरोध किया था। निस्संदेह, एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिये भाजपा द्वारा नई पहल किए जाने के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है। सर्वविदित है कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा जनाधार बढ़ाने के बावजूद भाजपा देश का प्रमुख राजनीतिक दल बना हुआ है। ऐसे में अगर मतदाता दो साल के बजाय पांच साल में अपने मताधिकार का प्रयोग करता है तो इसका भगवा पार्टी को सबसे ज्यादा लाभ मिल सकता है। राजनीतिक पंडित राजग सरकार की एक राष्ट्र,एक चुनाव की मुहिम के पीछे ऐसी ही सोच बताते हैं। यह भी हकीकत है कि संसदीय चुनाव और विधानसभा चुनाव में अकसर अलग-अलग मुद्दे प्रभावी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराये जाने पर एनडीए के साथ गठबंधन न करने वाली क्षेत्रीय पार्टियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। निस्संदेह, लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों के लिये समान अवसर उपलब्ध होना जरूरी है। यह भारतीय जनता पार्टी के हित में होगा कि वह एक राष्ट्र,एक चुनाव, के मुद्दे पर आम सहमति बनाने के लिये कड़ी मेहनत करे। साथ ही इसके व्यावहारिक पहलुओं को लेकर हितधारकों द्वारा उठाये गए संदेहों को दूर करने का प्रयास करे। निश्चिय ही यह राजग के लिये बड़ी चुनौती होगी क्योंकि इस बार विपक्ष पहले के मुकाबले मजबूत भी है और एकजुट भी है। इसमें दो राय नहीं कि यह बात तार्किक है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रयास शासन में सुनिश्चितता लाएगा। वहीं बार-बार के चुनाव खर्चीले होते हैं। दूसरे राज्य-दर-राज्य लंबी आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। साथ ही साथ शासन-प्रशासन व सुरक्षा बलों की ऊर्जा के क्षय के अलावा जनशक्ति का अनावश्यक व्यय होता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर इसके लागू होने से भारतीय संघीय ढांचे के लिये जो चुनौती पैदा होगी, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वैसे इस बार यदि केंद्र सरकार हरियाणा व जम्मू कश्मीर के साथ-साथ महाराष्ट्र व झारखंड में भी विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का प्रयास करती तो एक राष्ट्र,एक चुनाव के गुण-दोषों का मूल्यांकन करने में मदद मिलती। लेकिन केंद्र ने अपनी राजनीतिक सुविधा व समीकरणों के लिये ऐसी ईमानदार कोशिश नहीं की। वैसे भी भारत जैसे विविधता वाले देश में जाति, धर्म व संप्रदाय से ग्रसित सोच के बीच एक साथ चुनाव कराना खास जोखिम भरा भी है। पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव के लिये एक साथ चुनावी मशीनरी तथा सुरक्षा बलों की उपलब्धता के यक्ष प्रश्न भी हमारे सामने खड़े हैं। ऐसे में इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आम सहमति बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि श्री शंकरजी के हृदय में इस बात को लेकर बड़ी खलबली उत्पन्न हो गई, परन्तु सतीजी इस भेद को नहीं जानती थीं। तुलसीदासजी कहते हैं कि शिवजी के मन में ( भेद खुलने का ) डर था, परन्तु दर्शन के लोभ से उनके नेत्र ललचा रहे थे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**रावन मरन मनुज कर जाचा। प्रभु बिधि बचनु कीन्ह चह साचा॥**
**जौं नहिं जाउँ रहइ पछितावा। करत बिचारु न बनत बनावा॥**

रावण ने (ब्रह्माजी से) अपनी मृत्यु मनुष्य के हाथ से माँगी थी। ब्रह्माजी के वचनों को प्रभु सत्य करना चाहते हैं। मैं जो पास नहीं जाता हूँ तो बड़ा पछतावा रह जाएगा। इस प्रकार शिवजी विचार करते थे, परन्तु कोई भी युक्ति ठीक नहीं बैठती थी॥

**ऐहि बिधि भए सोचबस ईसा। तेही समय जाइ दससीसा॥**
**लीन्ह नीच मारीचहि संगा। भयउ तुरउ सोइ कपट कुरंगा॥**

इस प्रकार महादेवजी चिन्ता के वश हो गए। उसी समय नीच रावण ने जाकर मारीच को साथ लिया और वह (मारीच) तुरंत कपट मृग बन गया॥

**करि छलु मूढ़ हरी बैदेही। प्रभु प्रभाउ तस बिदित न तेही॥**
**मृग बधि बंधु सहित हरि आए। आश्रमु देखि नयन जल छाए॥**

मूर्ख (रावण) ने छल करके सीताजी को हर लिया। उसे श्री रामचंद्रजी के वास्तविक प्रभाव का कुछ भी पता न था। मृग को मारकर भाई लक्ष्मण सहित श्री हरि आश्रम में आए और उसे खाली देखकर (अर्थात वहाँ सीताजी को न पाकर) उनके नेत्रों में आँसू भर आए॥

( क्रमशः.. )

# केजरीवाल अपनी बात से क्यों मुकरे?

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देने का ऐलान करते हुए जनता से ''ईमानदारी का प्रमाणपत्र'' मिलने तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठने का संकल्प लिया है। यदि उनके इस संकल्प को राजनीतिक आधार पर देखें तो इसमें कुछ गलत नहीं है लेकिन अगर केजरीवाल के इस संकल्प को नैतिकता के आधार पर देखें तो बहुत सारे सवाल खड़े होते हैं। पहला सवाल यही है कि जब सरकार का कार्यकाल छह महीने से भी कम का बचा है तब इस्तीफा देने का ऐलान क्यों किया गया? सवाल यह है कि जेल से छह महीने तक सरकार चलाने का रिकॉर्ड केजरीवाल ने क्यों बनाया? केजरीवाल ने इस साल मार्च में तभी इस्तीफा क्यों नहीं दिया जब उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा था? केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में दिल्ली सरकार को अदालत की फटकारों के बाद ही इस्तीफा क्यों नहीं दिया? केजरीवाल को यदि अपनी ईमानदारी पर जनता की मुहर ही लगवानी थी तो उन्होंने ईडी की ओर से पूछताछ के लिए भेजे गये पहले समन में ही अपनी उपस्थिति क्यों नहीं दर्ज कराई थी? क्यों केजरीवाल ने ईडी के आठ समनों की अनदेखी की थी? संविधान और कानून को सर्वोपरि मानने की बात कहने वाले केजरीवाल ने क्यों ईडी के बुलावे को गंभीरता से नहीं लिया था? लोकसभा चुनावों के दौरान जब जनता ने आम आदमी पार्टी के %जेल का जवाब वोट से% अभियान को खारिज कर दिया तभी केजरीवाल ने इस्तीफा क्यों नहीं दिया था? केजरीवाल ने इस्तीफा तब क्यों नहीं दिया था जब गर्मियों के दौरान दिल्ली की जनता पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रही थी? केजरीवाल ने इस्तीफा तब क्यों नहीं दिया था जब दिल्ली में बारिश का पानी भर जाने से छात्रों की कोचिंग सेंटर में डूब कर या सड़क पर चलते हुए करंट लग कर मौत हो रही थी? सवाल यह भी उठता है कि मनीष सिसोदिया के जेल जाते ही उनसे इस्तीफा लेने वाले केजरीवाल ने वही नीति अपने लिये क्यों नहीं अपनाई थी?

सवाल यह भी है कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन नामक संगठन चलाने वाले और जन लोकपाल के लिए आंदोलन चलाने वाले केजरीवाल ने दिल्ली में जन लोकपाल क्यों नहीं बनाया? सवाल यह भी है कि राजनीति में आने से पहले शराब के ठेकों का विरोध करने वाले केजरीवाल ने दिल्ली में शराब के ठेकों की संख्या बढ़ाने और दारू की एक बोतल पर दूसरी बोतल फ्री देने का अभियान क्यों चलाया? सवाल यह भी है कि राजनीति में आने से पहले दूसरे नेताओं को भ्रष्टाचारी बता कर उनके इस्तीफे की मांग करने वाले केजरीवाल ने राजनीति में आने के बाद एक एक कर सारे घोटालेबाज नेताओं से हाथ क्यों मिलाया? सवाल यह भी है कि राजनीति बदलने का सपना दिखाकर दिल्ली की जनता का वोट लेने वाले केजरीवाल ने बदलाव को खुद पर ही क्यों आजमाया? सवाल यह भी है कि सरकारी घर नहीं लूंगा का वादा करने वाले केजरीवाल ने अपने लिये सरकारी खर्चे पर शीश महल क्यों बनवाया? सवाल यह भी है कि सरकारी सुरक्षा नहीं लूंगा का वादा करने वाले केजरीवाल ने अपनी सुरक्षा में दिल्ली और पंजाब पुलिस के जवानों को बड़ी संख्या में क्यों लगवाया? सवाल यह भी है कि सरकारी गाड़ी नहीं लूंगा का वादा करने वाले केजरीवाल ने अपने लिये आलीशान गाड़ियों का काफिला क्यों तैयार करवाया? सवाल यह भी है कि अपनी पार्टी के नेताओं पर आरोप लगते ही इस्तीफा ले लूंगा का वादा करने वाले केजरीवाल ने अपने मंत्रियों और अमानतुल्ला खान जैसे विधायकों पर तमाम आरोपों के बावजूद उनका इस्तीफा क्यों नहीं करवाया?

सवाल यह भी है कि 2015 के विधानसभा चुनावों से पहले दिल्ली की जनता से %फिर कभी इस्तीफा देकर भागूंगा नहीं% कहने वाले केजरीवाल ने अपना वादा क्यों तोड़ा? हम आपको याद दिला दें कि दिल्ली में 49 दिन की पहली सरकार चलाने के बाद जब केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था तब उन्होंने सोचा था कि 2014 के लोकसभा चुनावों में जनता उनको समर्थन देकर प्रधानमंत्री बना देगी। इसीलिए वह वाराणसी से नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने पहुँच गये थे लेकिन जनता ने वाराणसी और देश के अन्य भागों में उनकी उम्मीदों पर बुरी तरह पानी फेर दिया था। इसके बाद दिल्ली में 2015 के विधानसभा चुनावों से पहले केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के फैसले को अपनी गलती मानते हुए जनता से माफी मांगी थी और आगे से ऐसा नहीं करने को कहा था। लेकिन केजरीवाल ने फिर से ऐसा कर दिया है तो सवाल उठता है कि जनता उनकी बात पर भरोसा क्यों करे?

वैसे देखा जाये तो केजरीवाल ने भरोसा सिर्फ जनता का तोड़ा हो ऐसा नहीं है। उन्होंने हर चुनाव में यमुना मैय्या से वादा किया कि अगले चुनावों से पहले नदी को पूरी तरह साफ करा दूंगा। लेकिन वादा तोड़ दिया। केजरीवाल ने वादा किया कि पंजाब में हमारी सरकार बनवा दो मैं दिल्ली में हर साल सर्दियों में होने वाले प्रदूषण को खत्म करवा दूंगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बन गयी मगर दिल्ली में प्रदूषण कम या खत्म होने की बजाय बढ़ गया। केजरीवाल सरकार ने पटाखों पर प्रतिबंध का फैसला किया मगर केजरीवाल के जेल से छूटते ही पटाखे चलाकर अपनी ही सरकार के फैसले का मखौल उड़ाया। केजरीवाल दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य क्रांति का ढोल हर जगह पीटते हैं लेकिन उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने अपने 11 साल के शासन में कितने नये स्कूल, कॉलेज या अस्पताल बनवाये हैं? केजरीवाल खुद को राष्ट्रभक्त बताते हैं इसलिए उन्हें बताना चाहिए कि उनकी पार्टी पर खालिस्तान समर्थकों से चंदा लेने के जो आरोप हैं उसकी सच्चाई क्या है? केजरीवाल कहते हैं कि उनकी आवाज को दबाया जाता है लेकिन उन्हें बताना चाहिए कि उनकी पार्टी के अब तक के शासन में दिल्ली विधानसभा में विपक्षी विधायकों को निलंबित करने का रिकॉर्ड क्यों बनाया गया?




**एक समय सामाजिक कार्यकर्ता के नाते आंदोलन करते रहे अरविंद केजरीवाल राजनेता बनने के बाद भी अपने अंदर के आंदोलनकारी को जिंदा रखे हुए हैं इसलिए हर बात पर उनका उपराज्यपाल और केंद्र सरकार से झगड़ा होता रहता है।**

बहरहाल, एक समय सामाजिक कार्यकर्ता के नाते आंदोलन करते रहे केजरीवाल राजनेता बनने के बाद भी अपने अंदर के आंदोलनकारी को जिंदा रखे हुए हैं इसलिए हर बात पर उनका उपराज्यपाल और केंद्र सरकार से झगड़ा होता रहता है। जबकि दिल्ली में पूर्व की सरकारों के दौरान मुख्यमंत्रियों का कभी भी उपराज्यपाल या केंद्र से इस तरह का टकराव नहीं रहा। इस तरह का टकराव दिल्ली में तब भी नहीं दिखता था जब राज्य और केंद्र में अलग पार्टियों की सरकारें थीं। मगर केजरीवाल पहले नजीब जंग से लड़ते रहे, फिर वह अनिल बैजल से भिड़े और अब उनका संग्राम उपराज्यपाल वीके सक्सेना से होता रहता है। इस उदाहरण से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि खामी उपराज्यपाल के स्तर पर है या मुख्यमंत्री के स्तर पर। खैर... केजरीवाल प्रकरण से एक बात तो स्पष्ट है कि एक समय पर नेता और एक्टिविस्ट की भूमिका निभाना दोनों भूमिकाओं के साथ अन्याय करने जैसा है।

**-नीरज कुमार दुबे**

## आसान नहीं होगा जीएम पर नीति बनाना

हाल ही में, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत में आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) सरसों की व्यावसायिक खेती के संबंध में एक विभाजित निर्णय दिया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अनुमोदन प्रक्रिया में खामियों और पर्यावरण तथा स्वास्थ्य प्रभावों पर पर्याप्त विचार की कमी का हवाला देते हुए जीएम सरसों की व्यावसायिक बिक्री और पर्यावरण रिलीज के खिलाफ फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति करोल ने फील्ड ट्रायल जारी रखने का समर्थन किया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि उन्हें सख्त सुरक्षा उपायों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। जीएम फसलों की व्यावसायिक खेती के संबंध में यह मामला (सुमन सहाय और अरुणा रोड्रिग्स और अन्य बनाम भारत सरकार एवं अन्य) वर्ष 2004 से भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, लेकिन जीएम फसलों के पैरोकार जीएमओ की व्यावसायिक रिलीज के लिए अदालत की मंजूरी अभी तक नहीं ले पाए। इस मामले से एक नहीं, बल्कि कई विवादास्पद मुद्दे जुड़े हैं, जिन पर अदालत इतने लंबे समय से निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई है। 23 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया विभाजित निर्णय एक बार फिर इस मामले की जटिलताओं को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह इस नीति को तैयार करने के लिए 4 महीने के भीतर सभी हितधारकों और विशेषज्ञों से परामर्श करे। साथ ही पीठ ने मामले को उचित पीठ द्वारा आगे के निर्णय के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया है। हालांकि न्यायालय ने सरकार को विभिन्न हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ परामर्श के बाद 4 महीने के भीतर जीएम पर एक नीति तैयार करने का निर्देश दिया है। किसी भी तरह से, एक ऐसा मुद्दा जिसने देश और दुनिया में पिछले 25 साल से भी अधिक समय से भारी बहस और गर्माहट पैदा की है, जहां विशेषज्ञ विभाजित हैं, लोग न केवल चिंतित हैं, बल्कि जीएम के दुष्प्रभावों के कारण डरे हुए हैं, जहां एक मजबूत नियामक तंत्र का पूर्ण अभाव है, जहां सर्वोच्च न्यायालय स्वयं नियामक तंत्र की कमी के कारण इस जीएम के पक्ष में निर्णय देने के लिए तैयार नहीं है, जीएमओ के मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए सुरक्षित होने के भी सबूत नहीं हैं, जहां कई देशों ने मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण की चिंताओं के कारण पहले ही जीएम फसलों पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, यह बहुत कम संभावना है कि सरकार हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ परामर्श के बाद 4 महीने में जीएम पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने का कार्य पूरा कर पाएगी। यह पहली बार नहीं है कि जीएम फसलों के लिए परामर्श तंत्र अपनाया जा रहा है। इससे पहले, यूपीए सरकार के दौरान बीटी बैंगन के वाणिज्यिक विमोचन के संबंध में तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्री जयराम रमेश के साथ सार्वजनिक सुनवाई हुई थी। यह ध्यान देने योग्य है कि इन सार्वजनिक सुनवाई के अंत में, मंत्री जयराम रमेश ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए बीटी बैंगन के वाणिज्यिक रिलीज पर रोक लगा दी थी। क्या हो परामर्श की उचित संरचना ¬ जबकि, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को हितधारकों और विशेषज्ञों के परामर्श आयोजित करने का निर्देश दिया है, महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इन परामर्शों की संरचना क्या हो सकती है। ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर ये परामर्श हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की तकनीकी विशेषज्ञ समिति द्वारा कई विवादास्पद मुद्दों को लंबे समय से सूचीबद्ध किया गया है, जो परामर्श प्रक्रिया का आधार बन सकते हैं, और निष्कर्ष पर पहुंचने में मदद कर सकते हैं। सबसे पहला मुद्दा, जिस पर विशेषज्ञों के बीच आम सहमति का अभाव है, वह जीएम फसलों की उच्च उत्पादकता का दावा है। दिलचस्प बात यह है कि सरकार और जीएम समर्थकों का तर्क यह है कि देश बड़ी मात्रा में खाद्य तेलों का आयात कर रहा है, जिनमें से अधिकांश जीएम तेल हैं। सरकार का दावा है कि डीएमएच 11 को अपनाने से आयात पर निर्भरता कम करने और डीएमएच 11 की अधिक उत्पादकता के कारण किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। लेकिन जबकि डीएमएच 11 के डेवलपर (अनुसंधानकर्ता) के अनुसार भी इसकी उत्पादकता 2200 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक नहीं है, देश में सरसों की कई अन्य संकर किस्मों की अपेक्षित उपज 2500 किलोग्राम से 4000 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तक है। भारतीय सरसों और रेपसीड संस्थान के पूर्व निदेशक डा. धीरज सिंह के एक शोध पत्र के अनुसार, राजस्थान में किसानों द्वारा उगाई गई किस्मों आरएस 1706, आरएच 1424 और आरएच 725 की उत्पादकता (जैसा कि सरकार ने खुद घोषित किया है), क्रमशः 2613 किलोग्राम, 2604 किलोग्राम, 2642 किलोग्राम है। विवाद का दूसरा मुद्दा बौद्धिक संपदा अधिकारों का है।

किसान संगठनों को चिंता है कि एक बार जीएमओ अपनाने के बाद, बीज पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों का एकाधिकार हो जाएगा और किसानों पर बीजों पर रॉयल्टी के रूप में बोझ बढ़ जाएगा। उनकी आशंकाएं बेवजह नहीं हैं। हम देखते हैं कि किसानों को असफल बीटी कपास के बीज के लिए भी बहुत अधिक कीमत (लगभग 8000 करोड़ रुपए) चुकानी पड़ी, क्योंकि बीटी कपास के बीज की कीमत का एक बड़ा हिस्सा विशेषता शुल्क था। वर्तमान डीएमएच 11 बीज को हालांकि स्वदेशी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। उसमें भी बायर कंपनी की प्रौद्योगिकी के कुछ गुणों का उपयोग किया गया है, जिसके कारण बौद्धिक संपदा का विषय किसान हितों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। तीसरा महत्वपूर्ण मुद्दा अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर उनका प्रभाव है। जबकि जीएम के समर्थक बिना किसी वैध तर्क के दावा करते हैं कि इससे आयातित खाद्य तेलों पर हमारी निर्भरता कम हो जाएगी (यदि डीएमएच 11 को अनुमति दी जाती है), तथ्य यह है कि खाद्य फसलों में जीएम अपनाने के बाद हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी अपना लाभ खो सकते हैं। आज हम हमारे गैर-जीएम टैग के कारण, लगभग 54 बिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य के खाद्य उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं।

एक बार जब खाद्य पदार्थों में जीएम की अनुमति दे दी जाती है, तो हम इस महत्वपूर्ण लाभ को खो देंगे, क्योंकि आयात करने वाले देश, जहां जीएम की अनुमति नहीं है, भारतीय खाद्य आयातों पर प्रतिबंध लगा सकते हैं। चौथा विवादास्पद मुद्दा जीएम बीजों के भारतीय खाद्य और आयुर्वेद पर प्रभाव के बारे में है। जीएम फसलें खाद्य पदार्थों की उपलब्धता को बदल देती हैं, जो हमारे भोजन का आवश्यक हिस्सा हैं। उदाहरण के लिएए सरसों का साग। इसी तरह, भारतीय सरसों के आयुर्वेद में कई औषधीय उपयोग हैं, जिन्हें हम खो सकते हैं।

**डा. अश्वनी महाजन**

## राशिफल

भाद्रपद शुक्ल पक्ष : चतुर्दशी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मानसिक स्वास्थ्य थोड़ी गड़बड़ चलेगी इन दिनों। जो लोग बाल बच्चे वाले हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य पर अभी भी ध्यान देने की जरूरत है। व्यापारिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
मान-सम्मान पर ठेस पहुंच सकती है। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
रिस्क लेने लायक नहीं है। चाहे स्वास्थ्य हो, प्रेम, संतान हो, व्यापार हो, हर दृष्टिकोण से कमजोर चल रहे हैं।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। जीवनसाथी का स्वास्थ्य और साथ दोनों प्रभावित दिख रहा है। प्रेम की स्थिति सही है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कन्या राशि की स्थिति¬ स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है प्रेम, संतान मध्यम, व्यापार मध्यम। शत्रुओं पर आपका दबदबा कायम रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। मन परेशान रहेगा। प्रेम में तू-तू मैं-मैं के संकेत हैं। भावुक होकर निर्णय लिए तो नुकसान संभव है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार रहेगा। मां का स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
नाक, कान, गले की परेशानी हो सकती है। व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
धन हानि के संकेत हैं। जुबान पर नियंत्रण रखें और निवेश पर नियंत्रण रखें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
उतार-चढ़ाव बना रहेगा, ऊर्जा के स्तर में। घबराहट बैचैनी बनी रहेगी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
अशुभता महसूस करेंगे। प्रेम में दूरी। संतान से बहुत अच्छी स्थिति नहीं रहेगी। आज्ञा का पालन नहीं करेंगे आपके बच्चे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन के अवसर पर आज कुलेसरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों से अधिक लोगों को की जांच कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉक्टर दीपक कुशवाहा के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन जन के नेता है और आज उनकी कार्य कुशलता के कारण देश तरक्की के राह पर है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि भाजपा हमेशा से देश को विकास की विकास देने का काम करती रही है और आगे भी यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन पूरे देश में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अन्य सामाजिक संगठन जोर-जोर से मना रहे हैं। इस क्रम में यह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर नायक पप्पू प्रेम कुमार सहित कई अन्य लोग भी शामिल रहे।

## श्रीराम लखन धार्मिक लीला कमेटी ने रामलीला के लिए किया भूमि पूजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रीराम लखन धार्मिक लीला कमेटी की ओर से सेक्टर-46 स्थित ए ब्लॉक रामलीला मैदान में 3 अक्टूबर से रामलीला महोत्सव के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया। अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष रामलीला महोत्सव का आयोजन 3 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक चलेगा जहां श्री राम की अद्भुत लीलाओं का मंचन देखने को मिलेगा।



इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व विधायक विमला बाथम, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, दीपक विग, मनीष शर्मा, उमेश त्यागी, युद्धवीर सिंह, धर्मेंद्र चौहान, योगेंद्र शर्मा, अशोक चौहान,टी सी गौर,नरेश कुंचल,डॉ वी के गुप्ता, राजीव त्यागी,सुदेश गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, विपिन मल्हन, राकेश कोहली, मूलचंद गुप्ता, अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, गिरिराज अग्रवाल, सुशील कुमार सिंघल, गौरव कुमार यादव, मूलचंद गुप्ता, ओपी गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, सत्येंद्र शर्मा, यत्येंद्र शर्मा, पवन शर्मा, रामवीर यादव, सुनील जैन,सी एल शुक्ला, डिंपल आनंद, भूपेंद्र शर्मा, राजकुमार बंसल, अमित सिंघल, प्रभात अग्रवाल,वी के राणा, अशोक गोयल, श्री कांत बंसल, विकास बंसल, सौरभ डायमंड,पी के अग्रवाल, भीष्म यादव, अरुण गोयल, संदीप अग्रवाल, अमित पालीवाल, सतपाल यादव, ठाकुर नेपाल सिंह, पंकज झा, भूपेंद्र गर्ग, शंकर मोदी, ललित सिंगला, रवि कांत मिश्रा, मुकेश अग्रवाल, नरेंद्र चोपड़ा, विकास जैन,सुशील गुप्ता (गेल) नवनीत गुप्ता, मनोज गोयल, बाबूलाल बंसल, गौरव सिंघल, संदीप चौहान, गिरीश कपूर, सौरव गोविल, देवेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र पाल सिंह, अजय सिंघल, अरुण चौहान आदि मौजूद रहे।

## कौन है खखनावनी का राजवीर, बना चर्चा का विषय

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** लखनावनी गांव में कल बरामद हुए करीब 19 लख रुपए की चर्चा पूरे जिले में तेजी के साथ हो रही है। बताया जाता है कि सूरजपुर कोतवाली अंतर्गत लखनावनी गांव में कल मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापा मार कर राजवीर सिंह के कार्यालय से 19 लाख रूपये बरामद किए छापेमारी के दौरान पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लखना वनी गांव में कई वर्षों से कमेटी डालने का काम हो रहा था। जिसमें कई लोगों के करोड़ों रुपए भी फंसे पड़े हैं। कमेटी के पैसे को लेकर राजवीर सिंह अब विवादों के घेरे में आ चुके हैं हालांकि अब इस पूरे मामले की जांच आयकर विभाग की टीम करेगी राजवीर सिंह ने पुलिस को बताया है कि यह पूरा पैसा कमेटी का है। जबकि इसमें गड़बड़ झाले की आशंका व्यक्त की जा रही है। छापेमारी के दौरान वहां से एक रजिस्टर भी मिला है। जिसमें करोड़ों के लेनदेन की पुष्टि की गई है। वहीं कई पीड़ित राजवीर सिंह पर पैसा दबाने का आरोप भी लगा रहे हैं।

## भाजपा मनायेगी सेवा पखवाड़ा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा ज़िला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी इसमें 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर अधिकतम सदस्य बनाने का लक्ष्य ब्लड डोनेट का कार्यक्रम स्वच्छता अभियान वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम कला एवं ड्राइंग प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं उपलब्धियां की एक सचित्र प्रदर्शनी आयुक्त की जाएगी। यह प्रदर्शनी मुख्यालय के किसी राज्य के या प्रमुख इंटर कॉलेज में लगेगी जिला मुख्यालय के सभी इंटर कॉलेज के छात्रों को उच्च विद्यालय में लाकर प्रदर्शनी दिखाने का भी प्रयास एवं प्रत्येक बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती मनाई जाएगी।



उनका जीवन को याद करते हुए कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे कार्यक्रम के पश्चात बूथ पर एकत्रित सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सदस्यता करेंगे उसी दिन प्रत्येक बूथ पर 100 सदस्यता अनिवार्य है 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर पुष्पांजलि अर्पित करनी है और खादी को बढ़ावा देने के लिये लोगों को जागरूक करे ताकि प्रत्येक परिवार में कम से कम एक खादी उत्पाद जिसमें कम से कम एक रुमाल या गमछा खरीदा जाए जिससे खादी एवं ग्रामोद्योग को बढ़ावा मिल सके उसके लिये हमे प्रयास करना है।

इस अवसर पर मुख्यरूप से सेवा पखवाड़ा अभियान जिला संयोजक दीपक भारद्वाज सह संयोजक रवि जिन्दल पवन नागर कर्मवीर आर्य सुनील शर्मा इन्द्र नागर महेन्द्र नागर संजय रावत सुनील ठाकुर संजय भाटी मनोज भाटी महेश शर्मा मनीष भाटी बीडीसी चन्द्रपाल सिंह राजीव सिंघल आदि दर्जनों कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

## गजन भाटी को मिला कर्मयोगी पुरस्कार



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हेमवैल्यूज़ एवं आर आर एड्यूलीडर्स यू पी सम्मान समारोह कार्यक्रम जनपद गौ़तमबुधनागर ग्रेटरनोएडा के होटल जिनज़र में राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित सर्वेस्ट मिश्र के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुंवर बृजेश सिंह राज्यमंत्री पी0डब्ल्यू0डी0 उत्तर प्रदेश, अति विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मनोज जोशी अभिनेता एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, जिला विधालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार रहे।

सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रत्येक जनपद से सर्वश्रेष्ठ अध्यापक को एडुलीडर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। जनपद गौतमबुद्धनगर से अर्चना पांडे को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त गजन भाटी ने अपने कार्यरत प्राथमिक विद्यालय मथुरापुर को बहुत सुन्दर बनाया है। जिसके लिये गजन भाटी सहित जनपद से 17 अध्यापकों को गीता यादव, स्वेता सोमवंशी, ममता शर्मा, रश्मि त्रिपाठी, मिर्दुला शुक्ला, गजन भाटी, महेश कुमार, जगवीर शर्मा, मनीषा मथुरिया, शांति पांडे, आरती कुलश्रेस्ट, पम्मी मलिक, कंचन बाला, रितु रतन, राखी त्यागी, ममता अवस्थी, करुणा अग्रवाल, रूशी गुप्ता आदि को कर्मयोगी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अति विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मनोज जोशी अभिनेता का स्वागत मण्डल अध्यक्ष मेघराज भाटी, जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं जिला मंत्री गजन भाटी ने किया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय गजरौला नवादा, कंपोजिट विद्यालय मोरना, कंपोजिट विद्यालय जॉन समाना, कंपोजिट विद्यालय निठारी, प्राथमिक विद्यालय तिबड़ा 2, प्राथमिक विद्यालय नगला बंजारा के छात्र छात्राओं ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।





**दादरी में कल ईद-उल-मिलाद पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सैफी समाज के राष्ट्रीय सचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता वसील अहमद एवं अन्य।**

## इफको फूलपुर में निकाली गई स्वच्छता रैली, प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प



**फूलपुर ( ब्यूरो )।** इफको घियानगर फूलपुर में स्वच्छता पखवाड़े के उपलक्ष्य में सामुदायिक जागरूकता के लिए स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इफको फूलपुर इकाई की प्रथम महिला विनीता कुदेशिया ने फीता काट कर रैली को रवाना किया। स्वच्छता रैली बैनर,पोस्टर तथा स्वच्छता जागरूकता के नारों के साथ निकाली गई।

इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने कहा कि हम स्वच्छता अभियान में भारत सरकार के सभी निर्देशों का पालन कर रहे है। उन्होंने बताया कि इफको कालोनी को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए हम कपड़े के बैग का वितरण पहले ही कर चुके है, ताकि लोग रोजमर्रा के जीवन में इसी का इस्तेमाल करें। उन्होंने प्रशासनिक भवन को प्लास्टिक मुक्त घोषित किया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता विषय पर सभी वर्ग के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वय जनसम्पर्क अधिकारी स्वयम् प्रकाश ने किया।

इस दौरान महाप्रबंधक संजय वैश्य, एम.डी. मिश्र, संजय भंडारी, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः रत्नेश कुमार, एस.के.सिंह, ए.के.गुप्ता, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर एवं बड़ी संख्या में बच्चें, महिलाएं तथा इफको कर्मचारी शामिल रहे।

## महापंचायत को लेकर बैठकों का दौर जारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पैरामाउंट बिल्डर के खिलाफ भाकियू (बलराज) का धरना 27वें दिन भी जारी रहा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी का कहना है कि पैरामाउंट बिल्डर ने सोसायटी के अन्दर अवैध निर्माण करके बहुत बडे घोटाले कर रखें है जो यूपीएसआईडीसी और जिला प्रशासन के संज्ञान मै भी है



लेकिन पैरामाउंट बिल्डर के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नही की गई है बार बार वार्ता का समय निर्धारित करके सोसायटी निवासियों को गुमराह किया जा रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी का कहना है कि 25 सितम्बर को धरनास्थल पर महापंचायत होगी जिसकी तैयारी में भारतीय किसान यूनियन बलराज के कार्यकर्ता व सोसायटी निवासी जोर-शोर से जुटे हुए है संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने बुलन्दशहर, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर का दौरा कर कार्यकर्ताओ को महापंचायत के लिए निर्देशित किया है और मुजफ्फरनगर मै मलिक गठवाल खाप के अध्यक्ष एमपी मलिक से मुलाकात कर महापंचायत के लिए आमन्त्रित किया है।

इस अवसर पर कैप्टन धर्मपाल बैंसला, आर पी सिंह, के पी सिंह, रामकुमार नागर, एन बी जोशी, पी एस जोशी भगवंत सिंह, जितेन्द्र गंगवार,राहुल भाटी, आशु चौहान, महीपाल चौहान एस बी मौर्या, विरेन्द्र भट्ट, रत्नेश शुक्ला, सोविदंर भाटी, दर्पण सिंह, महेश शर्मा, नवीन भाटी,सतपाल राणा, राजेंद्र पंजियारा हरबीर चौधरी, दीपक नागर जितेन्द्र सोलंकी, संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, राष्ट्रीय महासचिव हरिराज नागर, यूथ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विपिन खारी, राष्ट्रीय संगठन मन्त्री नीरज भडाना, प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप नागर, जिलाध्यक्ष रामबीर भाटी, जिला उपाध्यक्ष राहुल भाटी, फरमान मसूरी, जिला उपाध्यक्ष हरेन्द्र भंगेल, तहसील अध्यक्ष दादरी सोविदंर भाटी आदि रहे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ड्रेनेजमण्डल, गाजियाबाद**

**सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ**

**अल्पकालीनई-निविदा सूचना संख्या-01/एस.ई./2024-25**

महामहिमराज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा (https://etender.up.nic.in) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 30.09.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन / टेक्निकलबिड अधीक्षण अभियन्ता, ड्रेनेजमण्डल गाजियाबाद के कार्यालय में मुख्य अभियन्ता (यमुना) ओखला द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा दिनांक 30.09.2024 को अपरान्ह 3-30 बजे खोली जाऐगी, इसके अगले कार्य दिवसमे, यदि इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो, इस कार्यालय में आपत्ति प्राप्त की जायेंगी। प्री-क्वालिफिकेशन / टेक्निकल बिड मे क्वालिफाईड पाये गये ठेकेदारों की ही फाईनेन्शियलबिड खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवसमे उसी समय खोली जायेगी। अल्पकालीन ई-निविदा दिनांक 20.09.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे से दिनांक 30.09.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत ( बिना जी.एस.टी. ) लाख रू में | धरोहर धनराशि लाख रू. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | सम्बन्धित खण्डीय कार्यालय का नाम | निविदाप्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी का मूल्य जी.एस. टी. वेबसाईट हैण्डलिंग चार्ज ( रूपये में ) | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद गौतमबुद्धनगर के ईकोटेक-2 (एल.जी. इलेक्ट्रोनिक्ससाईड) में हवालिया ड्रेन के दायें किनारे पर किमी. 9.000 से किमी. 9.450 तक सड़क निर्माण का कार्य | 149.50 | 3.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड, गाजियाबाद | 300+500+1 44+1495.00 = रू 2439.00 | 'ए' एवं उच्चतर |

विस्तृत अल्पकाली नई-निविदा सूचना का विवरण एवं नियम व शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाईट (http//:upgovt.up.nic/infotech) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाईट की (http//:www.idup.gov.in) पर उपलब्ध है। उपरोक्त वर्णित सूचना तथा वेबसाईट पर प्रदर्शित सूचना में यदि कोई भिन्नता होती है तो वेबसाईट पर प्रदर्शित सूचना ही मान्य होगी। यह अल्पकालीन निविदा सूचना बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई दावा मान्यनही होगा।

www.upgov.nic.in , Upid--219506 Dt. 13/09/2024

अधीक्षण अभियन्ता
ड्रेनेजमण्डल, गाजियाबाद

## पैलेट्रो लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** हमारा एक वैश्विक प्रौद्योगिकी व्यवसाय है और हमने एक व्यापक ग्राहक सहभागिता मंच यानी एम वीवा विकसित किया है जो किसी उद्यम या ब्रांड और उसके अंतिम उपयोगकर्ताओं के बीच ग्राहक-केंद्रित बातचीत को सशक्त बनाता है। हमारा प्लेटफ़ॉर्म उद्यमों को अपने ग्राहकों के व्यवहार और अंतिम उपयोगकर्ताओं के साथ उनके रिश्ते और संतुष्टि को बढ़ाने की ज़रूरतों को गहराई से समझने में सक्षम बनाता है। हमारा उपभोक्ता मंच एमवीवा 30 देशों में लगभग एक अरब उपभोक्ताओं के बीच दैनिक आधार पर प्रत्येक उद्यम के लिए भारी मात्रा में डेटा एकत्र और संसाधित करता है। एमवीवा ग्राहक सहभागिता प्लेटफ़ॉर्म में विभिन्न वर्टिकल समाधान शामिल हैं जो प्लेटफ़ॉर्म में सहजता से एकीकृत हैं और ऐसे उत्पाद पेश करते हैं जिनमें अभियान प्रबंधन समाधान, लॉयल्टी प्रबंधन समाधान, लीड प्रबंधन समाधान और डेटा मुद्रीकरण समाधान शामिल हैं। पैलेट्रो लिमिटेड ने 16 सितंबर, 2024 को आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के साथ सार्वजनिक होने की अपनी योजना की घोषणा की है। इसका लक्ष्य एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग के साथ फंड को ?55.98 करोड़ तक बढ़ाना है। यह इश्यू ?10 के अंकित मूल्य पर 27.99 लाख इक्विटी शेयरों तक का है।इश्यू के उद्देश्य (पैल्ट्रो आईपीओ उद्देश्य)- कंपनी इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग निम्नलिखित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए करना चाहती है- हमारी कंपनी की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए; आईटी उपकरण, कंप्यूटर हार्डवेयर, सर्वर और अन्य सहायक उपकरणों की खरीद और स्थापना; सहायक कंपनी में निवेश;कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं का वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य। क्युमुलेटिव कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड पैलेट्रो लिमिटेड आईपीओ का बुक रनिंग लीड मैनेजर है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इश्यू का रजिस्ट्रार है। पैलेट्रो लिमिटेड के लिए बाजार निर्माता श्री बाहुबली स्टॉक ब्रोकिंग है। श्री सुभाष मेनन ने कहा, हमें एनएसई इमर्ज के लिए अपने आगामी आईपीओ की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हमारे प्लेटफॉर्म की विभिन्न बाजारों में मजबूत उपस्थिति है और हम अपनी तकनीक और उत्पादों को नए बाजारों में ले जाने के लिए उत्साहित हैं।

## अनिल अंबानी की कंपनी के हाथ लगा बड़ा ऑर्डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में रॉकेट सी तेजी आई है। रिलायंस पावर के शेयर सोमवार को 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 31.32 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी को एक बड़ा ऑर्डर मिला है। रिलायंस पावर को 500 एमडब्ल्यू/1000 एमडब्लूएच बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कंपनी को यह ऑर्डर सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से मिला है। रिलायंस पावर ने यह कॉन्ट्रैक्ट एक प्रतिस्पर्धात्मक नीलामी के जरिए हासिल किया है। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले साढ़े 4 साल में 2671 पर्सेंट का तेज उछाल आया है। रिलायंस पावर के शेयर 27 मार्च 2020 को 1.13 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 16 सितंबर 2024 को 31.32 रुपये पर पहुंच गए हैं।

# कल्याणी परिवार के विवाद में आया एक नया मोड़

**▶▶ बाबा कल्याणी ने पेश की मां की एक नई वसीयत ▶▶ संपत्ति के बंटवारे को लेकर परिवार में चल रहा विवाद**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कल्याणी परिवार से जुड़े विवाद में एक नया मोड़ आ गया है। भारत फोर्ज ग्रुप के चेयरमैन बाबा कल्याणी और उनके भाई-बहनों के बीच प्रॉपर्टी को लेकर कानूनी लड़ाई चल रही है। अब बाबा कल्याणी (75) और उनके छोटे भाई गौरीशंकर कल्याणी (69) के बीच अपनी दिवंगत मां सुलोचना की वसीयत को लेकर नया विवाद पैदा हो गया है। बाबा ने पुणे सिविल कोर्ट में सुलोचना की 27 जनवरी, 2012 की वसीयत को प्रमाणित करने की मांग की है। लेकिन गौरीशंकर ने इसे चुनौती देते हुए 17 दिसंबर, 2022 की एक और वसीयत पेश की है। अलग-अलग वसीयत में संपत्ति के बंटवारे को लेकर अलग-अलग बातें कही गई हैं। इसमें संपत्ति में प्रॉपर्टीज और कल्याणी ग्रुप के शेयर शामिल हैं। मामले की सुनवाई अगले महीने होने की उम्मीद है।

बाबा, गौरीशंकर और उनकी बहन सुगंधा हिरेमठ के बच्चों के बीच पहले से ही कानूनी लड़ाई चल रही है। हिरेमठ परिवार ने एक याचिका दाखिल करके कल्याणी परिवार की हिंदू अविभाजित परिवार के नियमों के मुताबिक संपत्ति में नौवां हिस्सा मांगा है। कल्याणी परिवार की कुल वेल्थ 65,000 से 70,000 करोड़ रुपये के बीच है। बाबा और गौरीशंकर दोनों ने संपत्ति के बंटवारे की याचिका को खारिज करने की मांग की है। उनका कहना है कि उनके भांजे और भांजी का इन संपत्तियों पर कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

### अलग-अलग वसीयत

सुलोचना का फरवरी 2023 में 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वह अपने पीछे काफी प्रॉपर्टी छोड़ गई। इसमें महाराष्ट्र में कई अचल संपत्तियां, पुणे में उनका पारिवारिक आवास पार्वती निवास, भारत फोर्ज और कल्याणी फोर्ज में शेयर, सोने और हीरे के गहने और एफडी शामिल हैं। 2012 की वसीयत में सुलोचना की संपत्ति उनके बच्चों बाबा, गौरीशंकर और सुगंधा को दी गई है। लेकिन इसमें सबको बराबर हिस्सा नहीं दिया गया है। बाबा को कल्याणी ग्रुप की कंपनियों में उनकी मां के शेयरों का एक बड़ा हिस्सा मिला है। इसमें भारत फोर्ज और कल्याणी एचयूएफ के तहत अचल संपत्तियां और आभूषण का हिस्सा शामिल है। गौरीशंकर और सुगंधा को कुछ प्रॉपर्टीज, गहने और अन्य संपत्तियां दी गई हैं। सुगंधा देश में प्रमुख विशेष रसायन कंपनियों में से एक हिकल की निदेशक हैं। गौरीशंकर ने अदालत में दावा किया है कि 2012 की वसीयत बाबा ने अनुचित तरीके से हासिल की थी। उन्होंने 9 दिसंबर, 2022 की वसीयत का हवाला दिया। इसमें सुलोचना ने कथित तौर पर सभी पिछली वसीयतें रद्द कर दीं ताकि उनकी संपत्ति गौरीशंकर और उनके परिवार को मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा उनकी संपत्तियों को हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। बाबा के एक प्रवक्ता ने कहा कि 2012 की वसीयत की प्रोबेट से संबंधित मामला पुणे जिला न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। बाबा के प्रवक्ता ने कहा कि सुलोचना के 2022 के हलफनामे में लगाए गए आरोप और तर्क गलत हैं। बाबा अदालत के समक्ष उचित तरीके से अपना मामला प्रस्तुत करेंगे।

## लिस्ट होते ही किया मायूस फिर तुरंत 11 प्रतिशत चढ़ गया शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रॉस लिमिटेड के शेयरों ने आज सोमवार को बीएसई और एनएसई पर म्यूट डेब्यू किया। यह एनएसई और बीएसई पर 240 रुपये पर लिस्ट हुआ। यह इसके आईपीओ प्राइस के बराबर ही रहा। बीएसई और एनसई पर स्टॉक अपने आईपीओ प्राइस 240 रुपये प्रति शेयर के मुकाबले 240 रुपये पर लिस्ट हुआ। हालांकि, लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयरों में 11 प्रतिशत की तगड़ी तेजी देखी गई। एनएसई पर यह शेयर इंट्रा डे में 12 प्रतिशत से अधिक चढ़कर 269 रुपये के हाई पर पहुंच गया था। आपको बता दें कि क्रॉस लिमिटेड का आईपीओ 9 सितंबर से 11 सितंबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इसका प्राइस बैंड 228-240 प्रति शेयर तय किया गया था। यह इश्यू 500 करोड़ रुपये का था। व्हीकल कलपुर्जा विनिर्माता क्रॉस लिमिटेड के आईपीओ को पेशकश के तीसरे और अंतिम दिन 16.81 गुना सब्सक्राइब किया गया था। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक, शुरुआती शेयर बिक्री में रखे गए 1,53,50,877 शेयरों के मुकाबले 25,80,21,618 शेयरों के लिए बोलियां लगाई गई थीं। पात्र संस्थागत खरीदारों के सेगमेंट को 23.32 गुना सब्सक्रिप्शन मिला जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 22.24 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। रिटेल निवेशक कैटेगरी को 10.76 गुना सब्सक्राइब किया गया था।

## बासमती चावल वाले केआरबीएल, एलटी फूड्स जैसे शेयरों में 10 प्रतिशत तक आई तेजी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडिया गेट बासमती चावल के लिए मशहूर केआरबीएल लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को कारोबार में 8 प्रतिशत तक की तेजी आई, जबकि दावत ब्रांड के लिए मशहूर एलटी फूड्स लिमिटेड के शेयरों में 10 प्रतिशत तक की तेजी आई। इन शेयरों में आई तेजी के पीछे सरकार द्वारा पर्याप्त स्टॉक और मौजूदा व्यापार चिंताओं के मद्देनजर बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाने की घोषणा है। आज के कारोबार में चमन लाल सेतिया एक्सपोर्ट सहित चावल कंपनियों के शेयरों में उछाल आया। सीएनबीसी टीवी 18 की खबर के मुताबिक पहले तय प्रतिबंधों के तहत बासमती चावल को केवल एक निर्धारित फ्लोर प्राइस से ऊपर ही निर्यात किया जा सकता था। सरकार ने पिछले साल एमईपी को 1,200 डॉलर प्रति टन से संशोधित कर 950 डॉलर प्रति टन कर दिया था। अब, सरकार ने एमईपी को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। निर्यातकों को बासमती चावल की बढ़ती मांग दिख रही है और इस कदम से बासमती चावल की कीमतों को स्थिर करने में मदद मिल सकती है, जो हाल ही में कुछ वैश्विक ऑर्डर के कारण गिरावट पर थी। हालांकि, इस तरह का कदम इन कंपनियों के लिए केवल भावनात्मक रूप से सकारात्मक है, क्योंकि उन्होंने पिछले इनकम कॉल में स्पष्ट किया है कि बासमती चावल के निर्यात के लिए औसत प्राप्ति पहले से ही न्यूनतम निर्यात मूल्य से अधिक है।

## विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड ने एफपीआई नॉर्थ स्टार अपॉर्चुनिटीज फंड व अन्य लोगो को वारंट्स अलॉट किये

**मुंबई, एजेंसी।** टॉप क्वॉलिटी स्ट्रेच डेनिम फैब्रिक के प्रमुख सप्लायर, विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड (बीएसई- 538598) ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने 30.60 रुपये की न्यूनतम कीमत पर नॉन-प्रमोटर कैटेगरी के व्यक्तियों को प्रति वारंट कुल मिलाकर 153 करोड़ रुपये एफपीआई नॉर्थ स्टार अपॉर्चुनिटीज़ फंड वीसीसी बुल वैल्यू इनकॉर्पोरेटेड वीसीसी सब-फंड, एमिनेंस ग्लोबल फंड पीसीसी- यूबिलिया कैपिटल पार्टनर्स फंड और अन्य पब्लिक कैटेगरी के व्यक्ति एलिसियन वेल्थ फंड (पूर्व में सिल्वर स्टैलियन लिमिटेड) और विकासा इंडिया ईआईएफ आई फंड प्रस्तावित जो आवंटियों में से हैं, कन्वर्टिबल वारंट्स के प्रेफरेंशियल इश्यू को मंजूरी दे दी है।

हाल ही में, बोर्ड ने 100 करोड़ रुपये तक की कुल राशि एक या अधिक किश्तों हेतु योग्य संस्थान प्लेसमेंट को भी मंजूरी दे दी। फंड जुटाना कंपनी के शेयरहोल्डर्स के अप्रूवल और लागू रेगुलेटरी अनुमोदन की प्राप्ति के अधीन होगा।

इसके अलावा, कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही (30 जून 2024 को समाप्त तिमाही) के लिए शानदार कमाई की घोषणा की। ऑपरेशनल रेवेन्यू 33991.60 लाख रुपये रिपोर्ट किया गया। एबिटा सालाना आधार पर 28त्न बढ़ा और 2080.93 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही) से 2668.71 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही) पहुंचा। शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 106त्न उछला और 231.86 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही) से 477.83 लाख (फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही) हुआ।

इससे पहले, विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड ने 30 मार्च, 2024 को कुल 158.02 करोड़ रुपये में चिरिपाल टेक्सटाइल मिल्स प्राइवेट लिमिटेड में 37.72 प्रतिशत हिस्सेदारी (135 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 1,170,500 शेयर) हासिल की थी। यह अधिग्रहण चिरिपाल टेक्सटाइल मिल्स को विशाल फैब्रिक्स की सहयोगी कंपनी बनाता है। चिरिपाल टेक्सटाइल मिल्स विभिन्न यार्न (धागों) और फैब्रिक्स की मैन्युफैक्चरर और ट्रेडर है, जिसका 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 539.03 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।

विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड, 1985 में स्थापित एक टेक्सटाइल कंपनी और अहमदाबाद स्थित चिरिपाल ग्रुप का हिस्सा है, जो रंगे हुए धागे, डेनिम और कस्टम टेक्सटाइल वर्क सहित फैब्रिक की एक विस्तृत श्रृंखला की मैन्युफैक्चरिंग और डिस्ट्रिब्यूशन करती है। क्वॉलिटी और सस्टेनेबिलिटी के लिए सर्टिफाइड यह कंपनी, अपने कलेक्शन और क्लाइंट-स्पेसिफिक जॉब्स दोनों के लिए डेनिम और दूसरे फैब्रिक्स की डाइंग (रंगाई), प्रिंटिंग (छपाई) और प्रोसेसिंग में विशेषज्ञ हैं।

उनके कपड़े 100 प्रतिशत कॉटन, कॉटन ब्लेंड और मोडल जैसी अनेक कंपोजिशन में आते हैं और वे स्ट्रेच डेनिम के एक लीडिंग सप्लायर हैं। इनोवेशन पर फोकस करते हुए, वे विविध फिनिश, बुनाई, मिश्रण और रंग ऑफर करते हैं। उनकी एक्सटेंसिव प्रोडक्शन कपैसिटी अहमदाबाद, गुजरात में कई सुविधाओं से आती है, और वे प्रसिद्ध इंटरनेशनल फैशन ब्रांड्स सहित ग्राहकों की एक प्रभावशाली सूची का दावा करते हैं। विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड उच्च गुणवत्ता वाले स्ट्रेच डेनिम फैब्रिक का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है जो सभी उम्र के लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय है। विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड एक डेनिम रिवॉल्यूशन का प्रतीक है, जो फैशन में समानता वापस लाती है और मार्केट ट्रेंड को हमेशा के लिए बदल देती है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड एक ऐसे इकोसिस्टम की दिशा में अथक प्रयास कर रहा है जहां स्टेकहोल्डर्स को लाभ मिले और कंपनी के साथ विकास हो। विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड का इरादा सबके साथ बढ़ने और सबके लिए बढ़ने का है। तीन दशकों से, विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड का स्पष्ट लक्ष्य क्वॉलिटी फैब्रिक उपलब्ध करना रहा है जो सहजता से ग्लोबल स्टैंडर्ड से मैच करते हों। कंपनी इनोवेशन और टेक्नोलॉजी में विश्वास करती है और उसे भरोसा है कि इससे उसे भारत की लीडिंग डाइंग (रंगाई), प्रिंटिंग (छपाई) और प्रोसेसिंग यूनिट्स में से एक के रूप में विकसित होने में मदद मिलेगी।

## पृष्ठ एक के शेष....

**दिल्ली में अब...**

आतिशी के नाम पर मुहर लग गई है। मंगलवार सुबह से 'आप' संयोजक केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आवास पर विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी। इसमें सर्वसम्मति से नए नेता सदन का चुनाव किया गया। आतिशी पंजाबी राजपूत परिवार से ताल्लुक रखती हैं और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट हैं। आतिशी आज ही दावा पेश करेंगी। दिल्ली में अगले विधानसभा चुनाव तक आतिशी दिल्ली की मुख्यमंत्री रहेंगी। 26-27 सितंबर को दिल्ली विधानसभा का सत्र बुलाया जाएगा जिसको आतिशी संबोधित करेंगी।

दिल्ली के कालका जी से आप विधायक आतिशी मार्लेना का जन्म 8 जून 1981 को हुआ था। आतिशी साल 2020 के विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक चुनी गईं और 2023 में पहली बार केजरीवाल सरकार में मंत्री बनीं। उनके पास सबसे ज्यादा विभाग थे। अब सालभर बाद ही 2024 में वो मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं। इससे पहले वो 2019 में पूर्वी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ी थीं और बीजेपी उम्मीदवार गौतम गंभीर से 4.77 लाख वोटों से हार गई थीं और तीसरे नंबर पर आईं थीं।

**केजरीवाल की सबसे विश्वासपात्र**

आतिशी को केजरीवाल का करीबी सहयोगी और विश्वासपात्र माना जाता है। वे अन्ना आंदोलन के समय से संगठन में सक्रिय हैं। इस समय उनके पास सबसे ज्यादा मंत्रालयों की जिम्मेदारी है और जब मार्च में केजरीवाल जेल गए, तब से वो पार्टी से लेकर सरकार तक के मसले पर मोर्चा संभाले देखी गई हैं। मुख्यमंत्री को लेकर जिन अन्य नामों की भी चर्चा चल रही थी, उनमें कैलाश गहलोत, गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज का नाम शामिल था।

आतिशी साल 2020 में पहली बार कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनीं। उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार धर्मवीर सिंह को 11 हजार 393 वोटों से हराया था। उनके पिता नामविजय सिंह दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहे हैं। आतिशी ने स्कूली शिक्षा नई दिल्ली स्प्रिंगडेल स्कूल से की। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में हिस्ट्री से स्टडी की और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में शेवनिंग स्कॉलरशिप पर मास्टर की डिग्री हासिल की। कुछ साल बाद उन्होंने शैक्षिक अनुसंधान में रोड्स स्कॉलर के रूप में ऑक्सफोर्ड से अपनी दूसरी मास्टर डिग्री हासिल की। उन्होंने मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव में सात साल बिताए, जहां वो जैविक खेती और प्रगतिशील शिक्षा प्रणालियों से जुड़ीं। उन्होंने वहां कई गैर-लाभकारी संगठनों के साथ काम किया, जहां उनकी पहली बार AAP के कुछ सदस्यों से मुलाकात हुई और वो पार्टी की स्थापना के समय ही शामिल हो गईं।

**सफाई व रक्तदान...**

भाजपा मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश पहलवान, गोपाल गौड़, पंकज झा, समेत कई पार्टी नेता मौजूद रहे।युद्धवीर चौहान, राकेश शर्मा, चमन अवाना तथा प्रज्ञा पाठक, मंडल अध्यक्ष रवि प्रधान, जेपी मंडल समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

इसके बाद भाजपा ने सेक्टर-31 रोटरी क्लब बैंक में रक्तदान शिविर लगाया जिसमें भाजपा के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। बता दें कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आज से सप्ताहव्यापी सेवा पखवाड़ा अभियान भी शुरू किया गया है जो 2 अक्टूबर तक यानी महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा। इस दौरान रोज जनसेवा से जुड़े कई कार्यक्रम होंगे।

**बेरोक-टोक...**

छापेमारी की। पुलिस को देखकर अवैध खनन कर रहे शनि और सुनील मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बालू खनन करके भरे गए ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है।

**दागी बिल्डर के चिरागों...**

प्राधिकरण तथा उक्त बिल्डर का मामला जिला अदालत में भी विचाराधीन है। इसके बाद भी प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी आंखों में पट्टी बांधे गोल चक्कर के रोशन को देखने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। ग्रेटर नोएडा और यूपीसीडा के अधिसूचित क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध रूप से फ्लैट और डूप्लेक्स भवन बनाकर बेच रहे एस्कॉन इंफ्रा रियल्टर्स के साइन बोर्ड अब ग्रेटर नोएडा वेस्ट के खैरपुर गोलचक्कर की शोभा बढ़ा रहे हैं। एस्कॉन इंफ्रा रियल्टर्स ग्रेटर नोएडा और यूपीसीडा प्राधिकरण क्षेत्र में कम से कम तीन स्थानों पर अवैध रूप से फ्लैट आदि बनाकर बेच रहा है। गांव बिरौंडी में लगभग सात हजार वर्गमीटर भूमि पर बिना नक्शा, बिना रेरा पंजीकरण के बहुमंजिला फ्लैट बनाने के मामले में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एस्कॉन इंफ्रा रियल्टर्स के विरुद्ध जिला न्यायालय गौतमबुद्धनगर में मुकदमे लड़ रहा है। इसके बावजूद खैरपुर गोलचक्कर पर इस बिल्डर के कम से कम आधा दर्जन साइन बोर्ड लगे हैं। यह प्राधिकरण और अवैध बिल्डर की आंख-मिचौली है या हमजोली, प्राधिकरण व क्षेत्र में इसको लेकर चर्चाएं चल रही हैं।

**हरौला में सफाईकर्मी...**

साथ गाली-गलौज की तथा जातिसूचक टिप्पणी की एवं मारने की धमकी दी। इस घटना को लेकर सफाई कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। सफाई कर्मचारी एसोसिएशन ने एकत्रित होकर प्रदर्शन करके आरोपी के खिलाफ नारेबाजी की। खबर लिखे जाने तक विरोध प्रदर्शन जारी था। उन्होंने न्याय न मिलने पर कामबंद की चेतावनी दी।

**ज़ेवर एयरपोर्ट पर...**

इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क में से एक है। स्टैटिक की विशेषज्ञता के साथ, हम एयरसाइड संचालन के लिए फास्ट ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। स्टैटिक कंपनी के संस्थापक और सीटीओ राघव अरोड़ा ने कहा की हम एयरसाइड संचालन को विद्युतीकृत करने की इस परिवर्तनकारी यात्रा में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। हमारे प्रगतिशील और अभिनव चार्जिंग समाधान निर्बाध, कुशल और संधारणीय गतिशीलता सुनिश्चित करेंगे, जो नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगा।

उन्होंने कहा कि स्टैटिक कंपनी की उन्नत चार्जिंग तकनीक हवाई अड्डे के महत्वाकांक्षी संधारणीयता लक्ष्यों का समर्थन करेगी, जिससे भारत के विमानन क्षेत्र में हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने में मदद मिलेगी।

नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भारतीय आतिथ्य को स्विस तकनीक और दक्षता के साथ जोड़ेगा, जिससे भारत की समृद्ध विरासत से प्रेरित एक आधुनिक और उपयोगकर्ता के अनुकूल अनुभव का निर्माण होगा। हवाई अड्डे के पहले चरण में एक रनवे और एक टर्मिनल होगा, जिसकी क्षमता सालाना 12 मिलियन यात्रियों के आवागमन को संभालने की होगी। सभी चार विकास चरणों के पूरा होने पर, हवाई अड्डा प्रति वर्ष 70 मिलियन यात्रियों की सेवा करने में सक्षम होगा।

स्टेटिक देश की सबसे बड़ी EV चार्जिंग कंपनी में से एक है। स्टेटिक अपने ऐप के माध्यम से, उपयोगकर्ता को अब न केवल स्टेटिक चार्जर्स से बल्कि ई-फिल, सनफ्यूल, ग्लिडा और अन्य प्रमुख प्रदाताओं से भी चार्जिंग सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, स्टेटिक ने हाल ही में सरकारी निकायों, ऑटोमेकर कंपनियों और प्रमुख आतिथ्य खिलाड़ियों के साथ गठजोड़ किया है, जो लगभग 65+ शहरों को कवर करता है, जिसमें 7000+ एसी और डीसी चार्जर शामिल हैं। स्टेटिक, एक ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) चार्जिंग नेटवर्क, ई-वाहनों के लिए दैनिक चार्जिंग सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 2025 तक देश भर में 20,000 चार्जिंग पॉइंट स्थापित करने की योजना भी बना रहा है।

**जन्मदिन की बधाई**



तुम जियो हजारों साल
साल के दिन हों पचास हजार

राकेश यादव की पुत्री स्वास्तिक यादव व पुत्र रितिक यादव निवासी-सेक्टर-45, नोएडा के जन्मदिन पर चेतना मंच परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

चेतना मंच परिवार

## एमएलसी शिक्षक प्रकोष्ठ श्रीचंद शर्मा से मिला शिक्षामित्र संघ

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**


उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारी शिक्षक एमएलसी श्रीचंद शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात की। संघ के जिला अध्यक्ष जगवीर भाटी ने बताया कि एमएलसी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार आपकी मांगों को लेकर गंभीर है जल्दी उन पर विचार किया जाएगा। आप लोग की समस्या हमारे संज्ञान में है।

इस मौके पर नरेश खारी कालूराम संतोष अनीता डालचंद कुलदीप शर्मिला विनोद कुमार सनोज कुमार मनीष नागर शशि वाला ईश्वर शर्मा गीता आदि मौजूद रहे।



## ओमिक्रोन एचआईजी अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के चुनाव 29 को





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

सेक्टर ओमीक्रॉन-1 के एचआईजी अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) कार्यकारिणी के चुनाव के लिए दो पक्षों ने नामांकन दाखिल किया। जानकारी के मुताबिक 29 सितंबर को वोटिंग प्रक्रिया के जरिए चुनाव होना तय हुआ है।

ग्रेटर नोएडा फेडरेशन के अधिकारियों की उपस्थिति में दोनों पक्षों से 10-10 लोगों की टीम ने नामांकन दाखिल किया।

एक गुट से अध्यक्ष पद के लिए शशि शर्मा, उपाध्यक्ष पद के लिए पुष्पा चौधरी, कोषाध्यक्ष पद के लिए मोहित रायजादा, सचिव पद के लिए अरविंद पांडे और छह सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया।

दूसरे गुट से अध्यक्ष पद के लिए जेएस सिसोदिया, उपाध्यक्ष पद के लिए इंदिरा शर्मा, सचिव पद के लिए हरवीर सिंह और कोषाध्यक्ष पद के लिए दिनेश शर्मा और छह सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान एचआईजी अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी की कार्यकारी टीम भी मौजूद रही। ग्रेटर नोएडा फेडरेशन की ओर से देवेंद्र टाइगर और रंजीत प्रधान मौजूद रहे।



# अनंत चतुर्दशी क्यों मनाते हैं ये शुभ दिन

**भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की 14वीं तिथि को प्रतिवर्ष मनाई जाने वाली अनंत चतुर्दशी, भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन के साथ ही गणेश विसर्जन के साथ ही मनाई जाती है.**

शास्त्रों के अनुसार अनंत चतुर्दशी को एक शुभ दिन माना जाता है. इस दिन जो लोग व्रत रखते हैं और भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, उन्हें अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है. भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की 14वीं तिथि को प्रतिवर्ष मनाई जाने वाली अनंत चतुर्दशी, भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन के साथ ही गणेश विसर्जन के साथ ही मनाई जाती है.

## अनंत चतुर्दशी 2024 तिथि

वर्ष 2024 में अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर को मनाई जाएगी. यह विश्वकर्मा पूजा के साथ ही मनाई जाएगी. इस दिन को अनंत चौदस के नाम से भी जाना जाता है. इस दिन भक्त भगवान विष्णु, देवी यमुना और शेषनाग की पूजा करते हैं और पवित्र अनंत सूत्र बांधते हैं.

## अनंत चतुर्दशी का महत्व

अनंत चतुर्दशी आध्यात्मिक साधना के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है. शास्त्रों के अनुसार, इस दिन अपनी पढ़ाई शुरू करने वाले छात्रों को अपने विषयों का गहन ज्ञान प्राप्त होता है. धन की चाह रखने वालों को समृद्धि प्राप्त होगी और ईश्वरीय निकटता की इच्छा रखने वाले भक्तों को अनंत ईश्वरीय उपस्थिति का आशीर्वाद मिलेगा.

## व्रत रखने के लाभ

प्राचीन किंवदंतियों के अनुसार, अपने वनवास के दौरान, पांडवों ने द्रौपदी के साथ, अपने कष्टों को दूर करने और अपने खोए हुए राज्य और समृद्धि को पुनः प्राप्त करने के लिए अनंत व्रत (व्रत) का पालन करने की सलाह दी थी. माना जाता है कि इस व्रत का पालन करने से व्यक्ति की इच्छाओं के अनुसार स्थायी फल मिलता है. अनंत चतुर्दशी पर, भक्त अनंत सूत्र बांधते हैं, जिसे भगवान विष्णु की उपस्थिति का प्रतीक माना जाता है. अनंत सूत्र में 14 गांठें होनी चाहिए, जो 14 लोकों का प्रतीक हैं. यह व्रत भौतिक सफलता और आध्यात्मिक मुक्ति दोनों प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट साधन माना जाता है. विशेष लाभों के लिए, चौदह वर्षों तक लगातार व्रत रखने का सुझाव दिया जाता है.



# विधिवत रूप से करें गणेश प्रतिमा का विसर्जन

**अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा की मूर्ति का विसर्जन बहुत ही प्रचलित व लोकप्रिय है. इस दिन लोग बड़ी धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ बप्पा की मूर्ति का विसर्जन करते हैं और फिर से बप्पा के घर आने की प्रार्थना करते हैं. भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश उत्सव की शुरुआत होती है. यह उत्सव भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि तक चलता है. इस दौरान बप्पा 10 दिनों के लिए सभी के घरों में विराजते हैं.**

## प्रकृति को लौटाना पड़ेगा

गणेश जी को मूर्त रूप में आने के लिए मिट्टी का सहारा लेना पड़ता है, मिट्टी प्रकृति की देन है लेकिन जब गणेश जी पानी में विलीन होते हैं तो मिट्टी फिर प्रकृति में ही मिल जाती है। मतलब ये कि जो लिया है उसे लौटाना ही पड़ेगा, खाली हाथ आये थे और खाली हाथ ही जाना पड़ेगा।

## ईश्वर को आकार देते हैं

ये धर्म और विश्वास की बात है कि हम गणेश जी को आकार देते हैं लेकिन ऊपर वाला तो निराकार है और सब जगह व्याप्त है लेकिन आकार को समाप्त होना पड़ता है इसलिए 'विसर्जन' होता है। 'विसर्जन ये सिखाता है कि इंसान को अगला जन्म पाने के लिए इस जन्म का त्याग करना पड़ेगा। गणेश जी की मूर्ति बनती है, उसकी पूजा होती है लेकिन फिर उन्हें अगले साल आने के लिए इस साल विसर्जित होना पड़ता है। जीवन भी यही है, अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कीजिये और समय समाप्त होने पर अगले जन्म के लिए इस जन्म को छोड़ दीजिये।

## मोह-माया को त्यागो

'विसर्जन' ये सिखाता है कि सांसरिक वस्तुओं से इंसान को मोह नहीं होना चाहिए क्योंकि इसे एक दिन छोड़ना पड़ेगा। गणेश जी घर में आते हैं, उनकी पूजा होती है और उसके बाद मोह-माया बिखेरकर वो हमसे विदा हो जाते हैं ठीक उसी तरह जीवन भी है, इसे एक दिन छोड़कर जाना होगा इसलिए इसके मोह-पाश में इंसान को नहीं फंसना चाहिए।

## गणेश विसर्जन की पूजा विधि

गणपति जी के विसर्जन से पहले गणेश जी की विधि-विधान से पूजा करनी चाहिए। पूजा के दौरान गणेश जी को लाल चन्दन, लाल फूल, दूर्वा, मोदक, पान, सुपारी, धूप-दीप आदि अर्पित करें। परिवार सहित गणपति की आरती करें। इस दिन हवन करना भी बहुत शुभ माना जाता है। विसर्जन से पहले गणेश जी के हाथ में लड्डू की पोटली दे सकते हैं। अंत में अपनी गलतियों के लिए गणेश जी से क्षमा याचना करें और उनके जल्दी वापस आने की कामना करें। इसके बाद बप्पा की मूर्ति को धूमधाम से विसर्जित करें।

## कैसे करें विसर्जन

श्री गणेश विसर्जन से पूर्व स्थापित श्री गणेश प्रतिमा का संकल्प मंत्र के बाद षोड़शोपचार पूजन-आरती करना चाहिए। गणेश जी की मूर्ति पर सिंदूर चढ़ाएं। मंत्र बोलते हुए 21 दूर्वा-दल चढ़ाएं। 21 लड्डुओं का भोग लगाएं। इनमें से 5 लड्डू मूर्ति के पास चढ़ाएं और 5 ब्राह्मण को प्रदान कर दें। शेष लड्डू प्रसाद के रूप में बांट दें। पूजन के समय यह मंत्र बोलें- ऊँ गं गणपतये नमः
दूर्वा-दल चढ़ाते समय यह मंत्र बोलें- श्री गणेश को 21 दूर्वा-दल चढ़ाई जाती है। दो दूर्वा-दल नीचे लिखे नाम मंत्रों के साथ चढ़ाएं।

- ऊँ गणाधिपाय नमः
- ऊँ उमापुत्राय नमः
- ऊँ विघ्ननाशनाय नमः
- ऊँ विनायकाय नमः
- ऊँ ईशपुत्राय नमः
- ऊँ सर्वसिद्धप्रदाय नमः
- ऊँ एकदन्ताय नमः
- ऊँ इभवक्त्राय नमः
- ऊँ मूषकवाहनाय नमः
- ऊँ कुमारगुरवे नमः

इसके बाद श्री गणेश की आरती करें और विसर्जन स्थल पर ले जाकर पुनः एक बार आरती करें एवं श्री गणेश की प्रतिमा जल में विसर्जित कर दें और यह मंत्र बोलें-

**यान्तु देवगणाः सर्वे पूजामादाय मामकीम।**
**इष्टकामसमृद्धयर्थं पुनर्अपि पुनरागमनाय च।।**

# अनंत चतुर्दशी पर करें ये अचूक उपाय, हर समस्या से मिलेगा छुटकारा



भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि का आरंभ 16 सितंबर, 2024 को दोपहर 03;10 बजे हो रहा है और इसका समापन 17 सितंबर को सुबह 11.44 बजे होगा। उदया तिथि के अनुसार देखा जाए तो अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर यानी मंगलवार को मनाई जाएगी। इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 06.07 बजे से सुबह 11.44 बजे तक रहेगा।

## इस दिन जरूर करें ये काम

अनंत चतुर्दशी पर अनंत सूत्र बांधना काफी शुभ होता है। इस दिन विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद इस सूत्र को कलाई पर जरूर बांधना चाहिए। इस सूत्र में 14 गांठ होती है। ऐसा करने से व्यक्ति को कई प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। माना जाता है कि इस सूत्र को बांधने से व्यक्ति के आत्मविश्वास में वृद्धि आती है और कई तरह की समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है।

## बुरी नजर से मिलता है छुटकारा

अगर आपके घर किसी को बुरी नजर लग गई है, तो इसके लिए आप अनंत चतुर्दशी पर ये उपाय जरूर करें। इसके लिए अनंत चतुर्दशी के दिन आपको एक कलश में 14 लौंग और कपूर को जलाना है। इसके बाद इस कलश को एक चौराहे पर रख दें। घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए को इस दिन 14 जायफल लेकर किसी पवित्र नदी में प्रवाहित करें। ऐसा करने से आपको बुरी नजर से राहत मिल जाती है।

## मुसीबतों से मुक्ति

अनंत चतुर्दशी के दिन सत्यनारायण भगवान की पूजा करने से समस्त दुखों से मुक्ति मिल जाती है। इस दिन पूजा के दौरान एक लड्डू में 14 लौंग लगाकर सत्यनारायण भगवान को अर्पित करना चाहिए और पूजा के बाद इसे किसी चौराहे पर रख देना चाहिए। ऐसा करने से आपको तमाम मुसीबतों से छुटकारा मिल सकता है।





# क्या है चतुर्दशी के अनंत धागे में बंधी 14 गांठ का राज

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का व्रत रखा जाता है। यह भगवान गणेश के विसर्जन का दिन भी होता है जिसका हिंदू धर्म में बड़ा महत्व है। इसे अनंत चौदस के नाम से भी जाना जाता है। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की इस चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का व्रत किया जाता है। इस दिन अनंत के रूप में हरि की पूजा होती है। पुरुष दाएं तथा स्त्रियां बाएं हाथ में अनंत धारण करती हैं। अनंत राखी के समान रूई या रेशम के कुंकू रंग में रंगे धागे होते हैं और उनमें चौदह गांठ होती हैं। इन्हीं धागों से अनंत का निर्माण होता है। यह व्यक्तिगत पूजा है, इसका कोई सामाजिक धार्मिक उत्सव नहीं होता। हरि की पूजा करके तथा अपने हाथ के ऊपरी भाग में या गले में धागा बांध कर या लटका कर (जिस पर कोई भी पवित्र विष्णु मंत्र पढ़ा गया हो) व्रती अनंत व्रत को पूर्ण करता है। यदि हरि अनंत हैं तो 14 गांठ हरि द्वारा उत्पन्न 14 लोकों की प्रतीक हैं। अनंत चतुर्दशी पर कृष्ण द्वारा युधिष्ठिर से कही गई कौण्डिन्य एवं उसकी स्त्री शीला की गाथा भी सुनाई जाती है। कृष्ण का कथन है कि 'अनंत' उनके रूपों का एक रूप है और वे काल हैं जिसे अनंत कहा जाता है। अनंत व्रत चंदन, धूप, पुष्प, नैवेद्य के उपचारों के साथ किया जाता है। इस व्रत के विषय में कहा जाता है कि यह व्रत 14 वर्षों तक किया जाए, तो व्रती विष्णु लोक की प्राप्ति कर सकता है। इस दिन भगवान विष्णु की कथा होती है। इसमें उदय तिथि ली जाती है। पूर्णिमा का सहयोग होने से इसका बल बढ़ जाता है। यदि मध्याह्न तक चतुर्दशी हो तो ज्यादा बेहतर है। जैसा इस व्रत के नाम से प्रतीत होता है कि यह दिन उस अंत न होने वाले सृष्टि के कर्ता ब्रह्मा की भक्ति का दिन है। इस व्रत की पूजा दोपहर में की जाती है।

# राशिनुसार बांधें अनंत की डोरी हर कामना होगी पूरी

अनंत चतुर्दशी का दिन भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा के लिए खास माना गया है। इस शुभ अवसर पर अगर आप उन्हें अपनी राशि के रंग की डोरी बांधेंगे तो निश्चित ही आपको जीवन में यश, सुख, आरोग्य और सफलता मिलेगी तथा आपके सारे सपने पूरे होंगे।



मेष एवं वृश्चिक राशि- सफेद रंग की अनंत (डोरी) बांधें।
वृषभ, कर्क एवं तुला राशि- सफेद रंग की अनंत (डोरी) बांधें।
मिथुन एवं कन्या राशि- हरे रंग की अनंत (डोरी) बांधें।
सिंह राशि- गुलाबी रंग की अनंत (डोरी) बांधें।
मकर एवं कुंभ राशि- काले रंग का अनंत बांधें।
धनु एवं मीन राशि- पीले रंग की अनंत (डोरी) बांधें।



# गणेश विसर्जन के समय इन बातों का रखें ध्यान, प्रसन्न होंगे बप्पा

**पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। इस साल अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर 2024 को है। इस दिन गणपति बप्पा की मूर्ति को विसर्जित किया जाता है। इस दौरान भक्तजन बप्पा से अगले साल फिर से आने की कामना करते हुए, विधि विधान से पूजा करते हैं।**

हिंदू धर्म में गणेश भगवान को प्रथम पूज्य देवता माना गया है। किसी भी नए कार्य की शुरुआत से पहले उनकी पूजा का विधान है। उनकी आराधना करने से जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। ऐसे में अनंत चतुर्दशी पर बप्पा की अर्चना से हर मनोकामना पूरी होती हैं।
धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बप्पा को विदाई देने से पहले पूरे परिवार के साथ उन्हें मोदक का भोग लगाना चाहिए। वहीं जिस धूमधाम से गणपति जी को लाया जाता है, ठीक वैसे ही नियमों के अनुसार उन्हें विदाई भी दी जाती हैं। इस दौरान कुछ खास बातों का ध्यान रखा जाता है, जिससे विसर्जन विधि के सफल होने की संभावना बढ़ जाती हैं।

## गणेश विसर्जन शुभ मुहूर्त

17 सितंबर 2024 को गणपति विसर्जन के लिए मुहूर्त सुबह 09.10 से दोपहर 01.46 तक रहेगा। इस दौरान अपराह्न मुहूर्त दोपहर 03.18 से शाम 04.50 बजे तक है। इसके अलावा सायाह्न मुहूर्त रात 07.51 बजे से रात 09.19 बजे तक रहने वाला है। आप इन मुहूर्त के अनुसार गणेश विसर्जन कर सकते हैं।

## गणेश विसर्जन के दौरान ध्यान रखें ये बातें

- गणेश विसर्जन के दिन सबसे पहले पूरे परिवार के साथ गणपति बप्पा की पूजा करनी चाहिए।
- इस दिन गणेश जी को मोदक के भोग के साथ-साथ 56 भोग भी अर्पित करें।
- अगर आप विसर्जन करने जा रहें हैं, तो भूलकर भी काले या नीले रंग के कपड़े न पहनें। इसे अशुभ माना जाता है।
- इस दौरान गणेश जी की कृपा पाने के लिए दुर्वा की 21 गांठे चाढ़ानी चाहिए।
- गणेश विसर्जन के दिन जब भी आप बप्पा की मूर्ति को घर से लेकर जाते हैं, तो पहले उसे पूरे घर में ले जाएं।
- ध्यान रखने कि जब भी आप बप्पा को घर से विदा करते हैं, तो उनका मुख घर की तरफ रखें और पीठ बाहर की तरफ।
- गणपति जी को विसर्जन स्थान पर ले जाने के बाद एक बार फिर से कपूर से आरती करनी चाहिए।
- इस दौरान गणेश पूजन में उपयोग हुई सामग्रियों को भी विसर्जित कर देना चाहिए।
- गणेश जी की मूर्ति को पानी में धीरे-धीरे विसर्जित करें। इसे एकदम से पानी में नहीं छोड़ना चाहिए।
- विसर्जन के वक्त श्री गणेश के मंत्रों का जाप जरूर करना चाहिए।



## फिल्म मेकर कबीर खान ने अभिनेत्री शरवरी की जमकर की तारीफ

फिल्म निर्माता कबीर खान ने द फॉरगॉटन आर्मी सीरीज में उनके साथ काम कर चुकी शरवरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब उन्होंने सीरीज के लिए अभिनेत्री का ऑडिशन लिया तो उन्हें एहसास हो गया था कि उनके सामने एक विशेष प्रतिभा की मालकिन थी। फिल्म निर्माता ने कहा, जब मैंने अपनी सीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी' के लिए शरवरी का ऑडिशन लिया तो मुझे खुशी हुई कि मैंने एक खास प्रतिभा की खोज की है जो आने वाले वर्षों में अविश्वसनीय प्रदर्शन करेगी। वह उन सहज कलाकारों में से एक हैं जिनके साथ मैंने काम किया है। कबीर ने कहा, उनकी उपस्थिति और आकर्षण पर्दे पर ऐसी चमक पैदा करती है जो बहुत कम कलाकारों के पास होती है और जिन लोगों के पास होती है, वे सिनेमा पर गहरा प्रभाव छोड़ जाते हैं। एक मार्गदर्शक के रूप में कबीर को शरवरी की यात्रा पर बहुत गर्व है। उन्होंने कहा, उन्होंने पहले ही पूरे उद्योग को अपनी प्रतिभा के बारे में बात करने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्हें अभी बहुत कुछ करना है और बहुत कुछ हासिल करना है, लेकिन भारतीय फिल्म उद्योग के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में से एक के रूप में पहचाने जाने के अपने लक्ष्य के प्रति उनका समर्पण, अनुशासन और एकनिष्ठ दृष्टिकोण वास्तव में प्रभावशाली है। वह जानती हैं कि उन्होंने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर ही इस इंडस्ट्री में अपने लिए जगह बनाई है और इसलिए वह हर फिल्म के लिए अतिरिक्त मेहनत करती हैं। कबीर का मानना है कि शरवरी अपने अविश्वसनीय अभिनय से बॉलीवुड में अमिट छाप छोड़ेंगी।





## बे की तुलना करीना के पू से करने पर बोलीं अनन्या

अनन्या पांडे हिंदी सिनेमा की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। वह बॉलीवुड की सबसे चर्चित स्टार किड्स में से एक हैं। उन्होंने भले ही अब तक कुछ फिल्मों में ही काम किया है, लेकिन सोशल मीडिया पर उन्हें पसंद करने वालों की सूची काफी ज्यादा लंबी है। अभिनेत्री इन दिनों अपनी हालिया रिलीज सीरीज कॉल मी बे को लेकर चर्चा में हैं। मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने उनके इस किरदार को पू की बेटी तथा पू का आज के इस जेनेरेशन वाला वर्जन बताया है। गौरतलब है कि करण जौहर की साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म कभी खुशी कभी गम में करीना कपूर खान द्वारा निभाया गया पू का किरदार आज भी काफी ज्यादा लोकप्रिय है। कभी खुशी कभी गम में करीना कपूर द्वारा निभाया गया किरदार पू आज भी फिल्मी दुनिया में काफी प्रतिष्ठित भूमिका है। करण जौहर ने बे को पू की जेन जी जेनरेशन वाली 2.0 वर्जन बताया था। हालांकि, अनन्या ने दावा किया कि उन्होंने पू के किरदार को छूने की भी कोशिश नहीं की। उन्होंने इंस्टेंट बॉलीवुड के साथ एक इंटरव्यू के दौरान कहा, मुझे नहीं लगता कि हम बेबो ने जो किया है, उसे छूने या उसके करीब आने की कोशिश कर रहे हैं. क्योंकि वह सचमुच आइकन और एक रानी हैं। उन्होंने जो किया वह एक विरासत है और वह असाधारण था। अनन्या ने करीना का जिक्र करते हुए आगे कहा कि यह करीना के प्रति उनकी श्रद्धांजलि है। उन्होंने आगे कहा कि अगर बे एक प्रतिशत भी पू जितनी प्यारी हो सकती है, तो उन्हें लगता है कि इससे सभी खुश होंगे। बताते चलें कि करण जौहर ने कहा था, अगर रोहन और पूजा को अब एक बच्ची होती, तो वह बे होती। मैं सिर्फ इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि वह वाकई पू की शानदार जेन जी वर्जन है। यह ऐसा है जैसे पू जहां खत्म होती है, वहां बे शुरू हो जाती है। करण जौहर ने कॉल मी बे शो के ट्रेलर लॉन्च पर दोनों किरदारों को लेकर अपनी राय जाहिर की थी। उन्होंने कहा था, मैं उसे सबसे अच्छे तरीके से वर्णित कर सकता हूं, क्योंकि जब आपने पू का किरदार देखा था, तो वह मौज-मस्ती और खेल से शुरू हुआ था, लेकिन बाद में वह भी कभी खुशी कभी गम में चल रही भावनात्मक गंभीरता में अपना योगदान देती नजर आती है। जाहिर है कि कॉल मी बे में अनन्या एक साउथ दिल्ली की लड़की के रूप में दिखाई गई है, जो एक अरबपति की बेटी है और काफी मौज-मस्ती करती है। लेकिन सब कुछ खोने के बाद वह मुंबई चली जाती है और एक पत्रकार के रूप में नए सिरे से जिंदगी की शुरुआत करती है। कॉल मी बे 6 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इस सीरीज से अनन्या पांडे ने अपना ओटीटी डेब्यू किया है। उनकी इस सीरीज को करण जौहर के धर्माटिक एटंरटेनमेंट द्वारा निर्माण किया गया है। इस शो में अनन्या के अलावा विहान समत, वरुण सूद, गुरफतेह पीरज़ादा, मुस्कान जाफरी और निहारिका दत्त आदि नजर आ रहे हैं। शो का निर्देशन कोलिन डीकुन्हा ने किया है।



## 19 साल बाद बॉक्स ऑफिस पर फिर टकराएंगे शाहरुख-रणबीर



शाहरुख खान और रणबीर कपूर हिंदी सिनेमा के दो ऐसे अभिनेता हैं, जिनके अभिनय को काफी सराहा जाता है। रणबीर कपूर और शाहरुख खान के बीच एक बात और बेहद कॉमन हैं कि दोनों ही अभिनेताओं की महिला फैंस के बीच काफी ज्यादा लोकप्रियता है। इसके अलावा रणबीर कपूर ने जब साल 2007 में फिल्म सांवरिया से डेब्यू किया था, उस समय उनकी फिल्म की टक्कर शाहरुख खान की फिल्म ओम शांति ओम से हुई थी। इसके बाद एक बार फिर दोनों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकराने वाली हैं। शाहरुख खान की आगामी फिल्म किंग काफी ज्यादा चर्चा बटोर रही है। फिल्म में शाहरुख एक बार फिर डॉन के किरदार में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन सुजॉय घोष कर रहे हैं। कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि शाहरुख इस फिल्म को 2026 में ईद पर रिलीज करने की तैयारी में हैं। वहीं, रणबीर कपूर की लव एंड वॉर में उनके साथ छावा अभिनेता विक्की कौशल और आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। शुक्रवार को दिग्गज निर्मात-निर्देशक संजय लीला भंसाली की टीम ने घोषणा की है कि ये फिल्म क्रिसमस 2025 पर रिलीज न होकर अब साल 2026 में ईद पर रिलीज होगी।



## अक्षय की हाउसफुल 5 में नजर आएंगी पांच अभिनेत्रियां? लंदन में होगी फिल्म की शूटिंग







साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी ड्रामा फिल्म हाउसफुल की फ्रैंचाइजी की पांचवीं किस्त हाउसफुल 5 जल्द लेकर आ रहे हैं। इसकी आधिकारिक घोषणा पहले ही की जा चुकी है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर हाउसफुल 5 की घोषणा की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाउसफुल की पांचवीं किस्त को एक क्रूज पर सेट किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस बार हाउसफुल 5 यह अब तक की सबसे बड़ी फिल्म होगी और निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने इस बार फिल्म की पांचवीं किस्त के लिए बड़े कलाकारों को इकट्ठा किया है। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, फरदीन खान, नाना पाटेकर, चंकी पांडे, जैकी श्रॉफ और डिनो मोरिया शामिल हैं। हाउसफुल 5 की फीमेल लीड की बात करें तो इस बार हाउसफुल 5 में पांच अभिनेत्रियां नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस बार हाउसफुल की पांचवीं किस्त में **जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, चित्रांगदा सिंह, सौंदर्या शर्मा** की मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। हाउसफुल 5 में हर किरदार किसी न किसी वजह से फिल्म का हिस्सा है। फिल्म की शूटिंग 15 सितंबर को लंदन में शुरू होगी, जो 45 दिनों तक चलेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की शूटिंग पहले लंदन में कुछ दृश्यों से शुरुआत करेंगे और फिर एक क्रूज पर इसकी शूटिंग की जाएगी। लंदन के बाद, टीम इस साल के आखिर में एक और शेड्यूल के लिए मुंबई वापस लौटेगी। अक्षय कुमार के प्रशंसक उन्हें एक बार फिर से उनके खास कॉमिक अंदाज में देखने के लिए उत्साहित हैं।



## संजय लीला भंसाली की तुम ही हो होगी रोमांटिक फिल्म? दिखेगी सिद्धांत-मृणाल की जोड़ी

**निर्देशक संजय लीला भंसाली अपने बेहतरीन निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। संजय की कुछ समय पहले वेब सीरीज हीरामंडी रिलीज हुई थी। इस वेब सीरीज ने सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोरीं। मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी के अनुसार, अब संजय एक म्यूजिक आधारित प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की रोमांटिक जोड़ी देखने को मिलेगी।**

### फिल्म का शीर्षक होगा तुम ही हो?


मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संजय की आगामी फिल्म का शीर्षक तुम ही हो हो सकता है। फिल्म एक प्रेम कहानी पर आधारित होगी। हालांकि, निर्माताओं ने इस फिल्म को लेकर किसी भी प्रकार की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

### उत्तराखंड में होगी आगे की शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म की शूटिंग मई 2023 से शुरू हो चुकी है। फिल्मांकन का अगला शेड्यूल उत्तराखंड के खूबसूरत राज्य में होगा। टीम सितंबर के आखिर में उत्तराखंड जाएगी और शूटिंग के अगले चरण के लिए अक्टूबर में कुछ समय के लिए वहीं रुकेगी। सिद्धांत और मृणाल बाकी टीम के साथ वहां शूटिंग में शामिल होंगे।

### सिद्धांत और मृणाल संगीतकार की भूमिका निभाएंगे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तुम ही हो में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर संगीतकारों की भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा होने का वादा करती है। चूंकि दोनों कलाकार संगीतकार की भूमिका निभा रहे हैं, इसलिए फिल्म का संगीत बेहद शानदार होने की पूरी उम्मीद है। तुम ही हो का निर्माण जारी है, वहीं सिद्धांत चतुर्वेदी अपनी एक्शन फिल्म युद्धा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। वह तृप्ति डिमरी के साथ धड़क 2 पर भी काम कर रहे हैं , जो इस साल के आखिर तक रिलीज होने वाली है। इस बीच, मृणाल ठाकुर के पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं, जिनमें अजय देवगन के साथ वह सन ऑफ सरदार 2 और वरुण धवन के साथ डेविड धवन द्वारा निर्देशित एक नई फिल्म में नजर आ सकती हैं।



## करण जौहर के शो द ट्रेटर्स में नजर आएंगे ये सितारे, जैसलमेर में हो रही है शूटिंग

इंडस्ट्री के चर्चित निर्माता निर्देशक करण जौहर एक रियलिटी शो होस्ट करने जा रहे हैं। इस शो का नाम है द ट्रेटर्स है। यह शो से जुड़ी हर अपडेट पर फैंस की नजर है। इस शो की शूटिंग जैसलमेर में शुरू हो चुकी है। अब नई जानकारी के मुताबिक इस रियलिटी शो में शामिल होने वाले कुछ कंटेस्टेंट के नाम सामने आए हैं। आइए आपको बताते हैं इन सेलेब्स के नाम।

### जन्नत जुबैर

टीवी शो में नजर आ रही जन्नत जुबैर अपने शो के कारण चर्चा में रहती हैं। इन दिनों वह लाफ्टर सेफ्श अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में नजर आ रही हैं।

### हर्ष गुजराल

फेमस इंडियन कॉमेडियन हर्ष गुजराल इन दिनों अपने स्टेंडअप कॉमेडी शो को लेकर चर्चा में हैं। अमेरिकन शो की तर्ज पर बन रहे शो द ट्रेटर्स में शामिल हो सकते हैं।

### आशीष विद्यार्थी

अभिनेता आशीष विद्यार्थी भी द ट्रेटर्स में नजर आने वाले हैं। 1942- ए लव स्टोरी, इस रात की सुबह नहीं, खुफिया, तेजस और हाल ही में किल जैसी फिल्मों में काम किया है।

### साहिल सलाथिया

भारतीय अभिनेता और मॉडल साहिल सलाथिया भी करण जौहर के होस्ट किए जा रहे शो में नजर आने वाले हैं। साहिल बंदी युद्ध के, पानीपत, कौन बनेगी शिखरवती और हंसमुख में नजर आ चुके हैं।

### रफ्तार

भारतीय रैपर और प्रोड्यूसर रफ्तार उर्फ कलाथिल कुजियिल देवदासन दिलिन नायर भी द ट्रेटर्स में नजर आएंगे। वह पंजाबी और हरियाणवी संगीत कंपोज कर चुके हैं।

### उर्फी जावेद



अपने अजीबो गरीब कपड़ों को लेकर चर्चा में रहने वाली उर्फी जावेद भी इस शो द ट्रेटर्स में नजर आने वाली हैं। वह हाल ही में अपनी सीरीज फॉलो कर लो यार से चर्चा में रही थीं।

### राज कुंद्रा

बिजनेस मैन और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा अक्सर चर्चा में रहते हैं। वह भी शो द ट्रेटर्स में नजर आ सकते हैं।

### करण कुंद्रा



लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में नजर आए करण कुंद्रा भी शो द ट्रेटर्स में नजर आने वाले हैं। वह अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी यादव के साथ अक्सर सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते रहते हैं।

## डॉन 3 में काम करना चाहते थे सिद्धांत चतुर्वेदी? युध्रा से एक्शन फिल्म करने की इच्छा हुई पूरी



अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी की अपकमिंग फिल्म युध्रा का ट्रेलर लांच हो चुका है। इन दिनों अभिनेता फिल्म के प्रमोशन को लेकर बिजी हैं। अभिनेता अपने करियर में कई अलग-अलग तरह की भूमिका निभाना चाहते थे। हालांकि, युध्रा के साथ अब वह एक एक्शन पैक्ड फिल्म में काम कर दर्शकों का मनोरंजन करते हुए दिखाई देंगे। हालांकि, अब उन्होंने डॉन 3 में भी काम करने की इच्छा जताई है। हाल ही में एक रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धांत ने अपने इनसाइड एज के दिनों के गुरु रितेश सिधवानी से कहा कि उनका दिल गली बॉय के बाद एक एक्शन फिल्म के लिए कह रहा है। सिद्धांत के लिए अगला कदम रितेश से भूमिका के लिए पूछना था, लेकिन उन्होंने अभिनेता से कहा कि जिस फिल्म के लिए फरहान और श्रीधर बात कर रहे थे वह डॉन 3 नहीं थी। इसके बाद, उन्हें निर्देशक रवि उदयवार से मिलने के लिए कहा गया , जिन्हें उनका काम पसंद आया। हालांकि युध्रा, डॉन 3 नहीं थी, फिर भी सिद्धांत के लिए यह एक सपना सच होने जैसा था, क्योंकि वह बचपन से ही एक एक्शन फिल्म करना चाहते थे। उन्होंने बताया कि उन्हें इस फिल्म में बेहतरीन सह-कलाकारों और तकनीशियनों के साथ काम करने का मौका मिला। सिद्धांत की फिल्म युध्रा 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# सीईओ ने किया सेक्टर-12 का दौरा, सुनी समस्याएं

## ● बारातघर का कब्जा देने का दिया आश्वासन ● वेडिंग जोन में शराबखोरी, अवैध वसूली व जाम का लिया संज्ञान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** वर्षों बाद अब सेक्टर-12 की किस्मत चमकने के आसार बन रहे हैं। बारातघर का कब्जा भी मिल जाएगा तथा वेडिंग जोन की आड़ में चल रही अवैध वसूली, शराबखोरी व सड़क पर लगने वाले जाम से निजात मिल जाएगी।

आज एक दर्जन आरडब्ल्यूए के साथ बैठक के बाद सेक्टर-12 के प्लॉट ओनर्स रेजीडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन (पोरवा) के अध्यक्ष बलराज गोयल ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के समक्ष सेक्टर-12 की समस्याएं प्रमुखता से रखी। सीईओ ने उनकी शिकायत का संज्ञान लिया तथा टीम के साथ सेक्टर-12 खासकर वेडिंग जोन का निरीक्षण किया। इस दौरान लोगों ने बताया कि वेडिंग जोन में शाम को सड़क के किनारे लोग कारें खड़ी कर खाने-पीने के अलावा शराबखोरी करते हैं तथा पास की कोठियों के सामने मूत्र विसर्जन करते हैं। आसपास के लोगों ने शिकायत की कि प्राधिकरण के संबंधित वसूली भी करते हैं। शाम के वक्त मेट्रो अस्पताल से प्राथमिक स्कूल तक जाम की स्थिति रहती है। सीईओ ने मातहत अफसरों व लोगों को आश्वासन दिया कि वे इसका समाधान करवाएंगे।




सीईओ ने पोरवा को बारातघर का कब्जा देने का भी आश्वासन दिया तथा रखरखाव व बुनियादी सुविधाएं चालू करने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर एसीईओ संजय खत्री, सतीश पाल, डीजीएम सिविल विजय रावल, समेत कई अधिकारी मौजूद थे। वहीं एवरग्रीन आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष पुनीत शुक्ला तथा सेक्टर के अन्य लोग मौजूद थे।

# बाइक हटाने पर दबंगों ने सिपाही को पीटा, 4 पकड़े

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-24 कोतवाली क्षेत्र में गिझौड़ के पास पीआरवी सिपाही द्वारा रास्ते में बाइक हटाने पर चार युवकों



ने सिपाही के साथ बदसलूकी की। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक पीआरवी वाहन पर तैनात आरक्षी जब गिझौड़ की ओर जा रहे थे तो रास्ते में शिव कुमार पुत्र नरेन्द्र यादव, दीपक पुत्र नरेन्द्र यादव तथा शिवम पुत्र नरेन्द्र यादव तथा अनूप यादव पुत्र राजू यादव ने रास्ते में मोटरसाइकिल खड़ी कर रखी थी। आरक्षी ने जब रास्ते से वाहन हटाने को कहा तो चारों युवक आरक्षी से भिड़ गए तथा उनके साथ बदसलूकी की। इस मामले में थाना 24 में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अफवाह फैली थी कि उनमें से एक आरोपी सांसद का ड्राईवर है। लेकिन पुलिस ने बताया कि सांसद का कोई ड्राईवर नहीं है। खबर लिखे जाने तक आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी चल रही थी।

# ग्रेटर नोएडा में फेलिक्स हॉस्पिटल का शुभारंभ

## फेलिक्स हॉस्पिटल ने कुछ दिन पहले ही किया है संजीवनी हॉस्पिटल का टेकओवर : डा. डी.के. गुप्ता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के प्लॉट नंबर एनएच-14 ब्लॉक सी गामा 1 में सोमवार को चेयरमैन डॉ डी.के. गुप्ता और निदेशक डॉ रश्मि गुप्ता ने फेलिक्स हॉस्पिटल में पूजा अर्चना कर हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। डॉ डी.के. गुप्ता ने बताया कि फेलिक्स हॉस्पिटल जो अपनी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं के लिए जाना जाता है कुछ दिन पहले ही चौहान संजीवनी अस्पताल का आधिकारिक रूप से टेकओवर किया है। सोमवार को इसका नए तरीके से विधिवत शुभारंभ किया गया है। अस्पताल को टेक ओवर के बाद बेहतर और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। इसमें AI से लैश कैथ लैब, 3 टेसला MRI, 128 स्लाइस CT मशीन, मॉडुलर OT, ICU एवं अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

फेलिक्स हॉस्पिटल की मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि वे अस्पताल में नई सुविधाओं और सेवाओं का विस्तार करेंगे, जिसमें 24×7 आपातकालीन सेवाएं, विशेष




चिकित्सा क्लिनिक और अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक के साथ-2 हृदय रोग, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, और ऑन्कोलॉजी जैसी विशेषताएं शामिल होंगी।

# श्रीराम मित्र मंडल की रामलीला का हुआ भूमिपूजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति ने सेक्टर-62 नोएडा के रामलीला मैदान में भूमिपूजन कर श्रीरामलीला मंचन की तैयारियों का श्रीगणेश कर दिया। भूमि पूजन के बाद रामलीला की विधिवत तैयारियाँ शुरू हो गईं हैं।

भूमि पूजन के अवसर पर श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के चेयरमैन उमशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल, महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग,सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, पवन गोयल, मुकेश अग्रवाल,एसएमगुप्ता, मुकेश गोयल, मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, चक्रपाणि गोयल, मनीष गोयल,गिरिराज बहेड़िया, डॉ.एसपी जैन, शांतनु मित्तल, मनीष गुप्ता, साहिल चौधरी, कुलदीप गुप्ता, सुधीर पोरवाल, मोतीराम गुप्ता, अर्जुन अरोड़ा, आर के उप्रेती सहित शहर के अन्य नागरिक उपस्थित थे। पूजा के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मणजी, और हनुमान जी की विशेष पूजा की गई, और इसके बाद आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि



इस वर्ष रामलीला मंचन 3 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक भव्य रूप में आयोजित की जाएगी, जिसमें 55 से अधिक कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

7 अक्टूबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी।समिति के चेयरमेन उमाशंकर गर्ग एवं अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने सभी उपस्थितजनों को धन्यवाद दिया। मंचन के लिए 150 फुट के स्टेज को तीन हिस्सों में विभाजित किया जाएगा,जिसमें पहला हिस्सा जंगल, दूसरा हिस्सा पहाड़ और तीसरा हिस्सा राम दरबार के रूप में सजाया जाएगा।

# उप्र युवा व्यापार मंडल की अध्यक्ष ने चलाया सफाई अभियान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे ग्रेटर नोएडा वेस्ट की केबी नाउज़ सोसाइटी के मार्केट एरिया में यूपी युवा व्यापार मंडल की महिला प्रकोष्ठ की ज़िला गौतमबुद्धनगर की अध्यक्ष श्रीमती निधि सहाय ने स्वच्छता अभियान चलाया। मार्केट की साफ़ सफ़ाई के लिए खुद निधि सहाय ने हाथों में झाड़ू थामकर अभियान का नेतृत्व किया।

इस अभियान में केबी नाउज़ सोसाइटी मार्केट के दुकानदारों और सोसाइटी के लोगों ने भी साथ दिया।

इस अभियान की सफलता पर निधि सहाय ने सोसाइटी के लोगों और दुकानदारों का धन्यवाद दिया। उन्होंने प्राधिकरण के कर्मचारियों से अपील की कि वो इस मार्केट और आसपास से कूड़ा उठाने की समुचित व्यवस्था करें । केबी नाउज़ रेज़ीडेंट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष ए के झा ने इस अभियान की सराहना की और सभी से अपील कि सभी लोग सोसाइटी और मार्केट साफ़ रखने में सहयोग करें। इस मौक़े पर बच्चों ने भी स्वच्छता पर जागरूकता फैलाने वाले पोस्टर बनाये।




# प्राधिकरण को चुनौती दे रहा सेक्टर-63ए में लगा टॉवर

## प्राधिकरण के तीन नोटिस के बाद भी नहीं हटा टॉवर, लोगों में आक्रोश

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा तीन बार नोटिस भेजने के बाद भी सेक्टर-63ए में एक आवंटी अपनी छत पर लगाया एयरटेल का टॉवर हटा नहीं रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

सैकड़ों स्थानीय लोगों ने मई-2024 में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को हस्ताक्षरित पत्र लिखकर इसकी शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया कि स्थानीय हजारों परिवारों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हुए भूखंड संख्या एसबी-96 सेक्टर-63ए में मकान मालिक ने हर माह मोटे किराये के लालच छत पर एयरटेल का टॉवर लगा दिया है। शिकायत पर वर्क सर्किल-4 के तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक अशोक कुमार ने 16 मई को आवंटी को नोटिस देकर तीन दिनों में टॉवर हटाने के निर्देश दिये थे। पर टॉवर नहीं हटा। इसके बाद प्राधिकरण अब तक तीन नोटिस दे चुका है। लेकिन भूखंड स्वामी ने मोबाइल टॉवर नहीं हटाया।

लोंगों का आरोप है कि प्राधिकरण के ही कुछ अधिकारी भूखंड स्वामी से मोटी रकम



खा चुके हैं। इसलिए अभी तक टॉवर नहीं हटाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि टॉवर नहीं हटा तो वे सीईओ कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

